RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 246 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 15 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर

71 लाख 20 हजार का भुगतान एक मुश्त

2 सौ शिक्षकों का सम्मान करेगा विप्र फाउंडेशन

पेज -8 पर



# कैबिनट की बैठक के फैसले में विधायकों-मंत्रियों के वेतन-भत्ते बढ़ेंगे, शराब महंगी होगी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधायकों के वेतन-भत्ते में वृद्धि की जानी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इसके लिए प्रस्तावित संशोधन विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दे दी गई। कर्मचारियों के ट्रांसफर पर लगा प्रतिबंध हटाने के लिए एक मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठन किया गया है। वहीं बहु प्रतीक्षित मछुआ नीति और भूगर्भ जल नीति को भी मंजूरी मिल गई है। शराब पर उपकर बढ़ा दिया गया है, इससे उसकी कीमतें बढ़ेंगी।



**छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों के ट्रांसफर से बैन हटाने समिति**

बताया जा रहा है कि विधायकों की वेतनवृद्धि के लिए तीन संशोधन विधेयकों का प्रारूप बना है। इसमें विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के लिए एक विधेयक है। मुख्यमंत्री, मंत्रियों और संसदीय सचिवों के लिए दूसरा विधेयक है और विधायकों के वेतन-भत्ते बढ़ाने का प्रस्ताव है। इसमें 30 से 40 हजार रुपए की वृद्धि का प्रस्ताव है।

एक वरिष्ठ मंत्री ने बताया, इस वृद्धि के बाद भी छत्तीसगढ़ के विधायकों का वेतन-भत्ता दिल्ली जैसे राज्यों में विधायकों के वेतन-भत्ते से कम ही होगा। कोशिश यह है कि वेतन-भत्ता, मध्य प्रदेश में विधायकों को मिल रहे वेतन-भत्ते और सुविधाओं के आसपास हो जाए। सरकार यह संशोधन विधेयक मानसून सत्र में लाएगी। यह सत्र 20 जुलाई से शुरू होना है। पिछली बार छत्तीसगढ़ के विधायकों का वेतन-भत्ता 2020 के मानसून सत्र में ही बढ़ाया गया था। यानी तीन साल में दूसरी बार माननीयों का वेतन बढ़ने जा रहा है।

**ये मंत्री करेंगे ट्रांसफर पर बैन हटाने का फैसला**

बैठक में कर्मचारियों के स्थानांतरण पर दो सालों से लगा प्रतिबंध हटाने पर चर्चा हुई। इसपर लगभग सहमति बनी है। लेकिन सरकार इसका फैसला करने से पहले सभी पहलुओं पर विचार कर लेना चाहती है। ऐसे में एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति बनाई जानी है। इसकी अध्यक्षता गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। इसमें मोहम्मद अकबर, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, डॉ. शिव कुमार डहरिया और अनिला भेंडिया को भी शामिल किया गया है।

**डिस्ट्रिक्ट स्ट्राइक फोर्स की मंजूरी**

कैबिनेट की बैठक में प्रदेश में स्वीकृत सहायक आरक्षकों के पदों को समाप्त कर डिस्ट्रिक्ट स्ट्राईक फोर्स संवर्ग के सृजन की स्वीकृत के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इससे पुलिस विभाग के सहायक आरक्षकों के वेतन संबंधी विसंगति को दूर होगी और प्रदेश के समस्त सहायक आरक्षकों को नियमित वेतनमान प्राप्त होगा।

# विधायक बृहस्पति सिंह को हार्ट अटैक

बलरामपुर से रायपुर लाए गए, डाक्टर ने कहा- हालत पहले से बेहतर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के रामानुजगंज के कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह की तबीयत बिगड़ गई। गुरुवार को उन्हें बलरामपुर से रायपुर लाया गया। रायपुर के मोवा स्थित निजी अस्पताल में विधायक का इलाज चल रहा है। उन्हें दिल की बीमारी की वजह से अस्पताल में एडमिट करना पड़ा है। दैनिक भास्कर को डॉक्टर देवेंद्र नायक ने बताया कि विधायक बृहस्पति सिंह को माइनर हार्ट अटैक आया था। वो बलरामपुर के अस्पताल में ही भर्ती थे। फिलहाल उन्हें रायपुर लाया गया है सुबह उनकी एनजीओ प्लास्टी की गई है, फिलहाल उनकी तबीयत स्थिर बनी हुई है उन्हें चिकित्सकों की निगरानी में



रखा गया है।

पिछले साल अक्टूबर के महीने में भी अचानक असहज महसूस होने पर विधायक को रायपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। तब रायपुर में आयोजित आदिवासी महोत्सव देखने के दौरान विधायक की तबीयत खराब हुई थी। साल 2018 के विधानसभा चुनाव में बृहस्पति सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के रामकिशुन सिंह को 32916 मतों से हराया था।

## एक नजर

### मूसलाधार बारिश से दक्षिण बस्तर में मचा हाहाकार

राज्य में मानसुन पूरी तरह मेहरबान

रायपुर। बस्तर छत्तीसगढ़ में इस समय मानसून पूरी तरह से मेहरबान हो चुका है। प्रदेश के बस्तर संभाग में मानसून की झमाझम बारिश से अधिकांश नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। बस्तर की जीवन दायिनी इंद्रावती के साथ ही इसकी सहायक नदियां इस समय काफी उफान पर चल रही हैं। इसके अलावा अब प्रदेश के कई जिलों में बारिश का आंकड़ा सामान्य पर पहुंच रहा है।

मौसम विभाग से जारी आंकड़ों के अनुसार बस्तर और बीजापुर जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते इंद्रावती नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर भी 8.300 मीटर खतरे के निशान से ऊपर निकल चुका है। बीजापुर जिले में एनएच-63 पर आवाजाही ठप हो गई है। जिससे कारण कई गांवों का संपर्क टूट गया है। सुकमा में भी गोदावरी नदी भी उफान पर है और इसके बैकवॉटर के कारण शबरी नदी का जलस्तर भी बढ़ रहा है। जिससे कोंटा इलाके में भी बाढ़ का संकट बना हुआ है। वहीं, धमतरी में भी भारी बारिश के कारण रास्तो पर आवाजाही बंद होने से 50 गांव का संपर्क टूट गया है। जबकि एक आदमी के नाले में बह जाने की भी खबर है।

# 15 साल की लड़की का कंकाल मिला

घर से 200 मीटर दूर झाड़ियों में था; गुस्साए लोगों ने लगाया जाम, पुलिस बोली-DNA टेस्ट कराएंगे

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में गुरुवार को 15 साल की लड़की का कंकाल मिला है। लड़की 16 दिन पहले राशन लेने के लिए निकली थी। इसके बाद से लापता थी। लड़की का कंकाल उसके घर से महज 200 मीटर की दूरी पर तालाब किनारे झाड़ियों में मिला है। इसके बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया। ग्रामीणों ने सड़क जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाकर लोगों को शांत कराया। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, खरौद नगर में तालाब के किनारे झाड़ियों में एक नर कंकाल पड़ा था। लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने नर कंकाल



को कब्जे में ले लिया और गुमशुदगी दर्ज कराने वालों को सूचना दी। जानकारी मिलने पर तिवारी पारा निवासी मान सिंह सारथी और उनके परिवार के लोग भी पहुंच गए। उन्होंने कंकाल पर मिले कपड़े से पहचान अपनी 15 साल की बेटी बेबी सारथी के रूप में की। बेबी शासकीय कन्या शाला में 6वीं की छात्रा थी। वह 29 जून को अपराह्न 4 बजे राशन लेने निकली थी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि इसके बाद वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने आस-पड़ोस में और रिश्तेदारों सहित सभी संभावित स्थानों पर तलाश किया, पर बेबी का कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने कपड़े और अन्य सामान से पहचान की है। वहीं पुलिस का कहना है कि ध्न्न टेस्ट कराने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

**बच्ची के हत्यारे को सरेआम फांसी देने की मांग**

दूसरी ओर लड़की का कंकाल मिलने के बाद परिजनों सहित स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया है। लोगों ने परिजनों के साथ बच्ची के हत्यारे को फांसी देने की मांग को लेकर शिवरीनारायण-सेमरा मार्ग पर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक हंगामा और नारेबाजी चलती रही। मौके मौजूद पुलिस और प्रशासनिक टीम ने उन्हें जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की चेतावनी**

# मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज और यलो अलर्ट, बिजली गिरने की भी संभावना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हुआ है। पड़ोसी राज्य ओडिशा और उसके आसपास निम्न दाब का क्षेत्र बनने से प्रदेश के मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ में भारी बारिश होने की संभावना है। कुछ जगहों पर आकाशीय बिजली (गाज) भी गिर सकती है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए प्रदेश के 5 जिलों में ऑरेंज और 9 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। पिछले कुछ दिनों से दक्षिण छत्तीसगढ़ यानी बस्तर क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है, जिससे नदी-नाले उफान पर है। सुकमा



व बीजापुर जिला मुख्यालय से कई गांवों का संपर्क टूट गया है। दूसरे राज्यों को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे बंद हैं। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के मुताबिक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर ओडिशा और उसके आसपास स्थित है। ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवात घेरा 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मॉनसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, गुना, सागर, जबलपुर, पेंड्रा रोड, निम्न दाब का केंद्र और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक फैली हुई है।

# छॉलीवुड एक्ट्रेस की सड़क हादसे में मौत

उज्जैन से लौटते समय महाराष्ट्र में हादसा, ट्रक से भिड़ी पुष्पांजलि शर्मा की बस; सीएम ने जताया शोक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म की कलाकार पुष्पांजलि शर्मा का सड़क हादसे में निधन हो गया। वह तीर्थ यात्रा के लिए उज्जैन गई हुई थीं। लौटते वक्त महाराष्ट्र में उनकी बस हादसे का शिकार हो गई। हादसे में रायपुर के दो लोग घायल हुए हैं। इसके चलते मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुष्पांजलि की मौत पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्ट्रेस पुष्पांजलि शर्मा की मौत पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि पुष्पांजलि शर्मा एक अच्छी कलाकार रहीं, जिन्होंने पेशेवर ढंग से प्रदेश के लोगों को मनोरंजन दिया। मैं पुष्पांजलि शर्मा



के दुखी परिवार जनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहा हूं।

पुष्पांजलि शर्मा के प्रोफेशनल करीबी रहे एक्टर डॉ अजय सहाय ने दैनिक भास्कर को बताया कि उज्जैन से लौटते वक्त महाराष्ट्र के सकोली के संकरे रास्ते में एक्सीडेंट हुआ। यहां बेहद संकरा रास्ता है। पुष्पांजलि बस में सवार थीं, वो अगली सीट पर बैठे हुई थीं। सड़क किनारे लोहे के सरिये से लदा एक ट्रक खड़ा था अचानक दूसरी बस आ जाने की वजह से हादसा हुआ।

पुष्पांजलि जिस बस में सवार थी वो ट्रक से जा टकराई और लोहे के सरिए पुष्पांजलि के शरीर में जा घुसे। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुष्पांजलि के साथ रायपुर के दो और लोग भी थे उन्हें हल्की चोटें आई हैं । पुष्पांजलि का शव रायपुर के जोरा स्थित डॉ अजय सहाय की फिल्म सिटी में लाया गया है। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं एवं निर्देशों पर तत्परता से अमल हो- मुख्य सचिव

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य शासन के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों के भ्रमण, भेंट मुलाकात और विभिन्न विभागीय बैठकों में दिए गए निर्देशों एवं उनके द्वारा की गई घोषणा पर त्वरित अमल सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से मुख्यमंत्री के निर्देशो, घोषणाओं पर हुई प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों की उच्च स्तरीय



बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू भी मौजूद थे। बैठक में प्रदेश के संभागायुक्त एवं कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने बैठक में कहा है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए विभिन्न विभागों के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि योजनाओं का लाभ राज्य के नागरिकों को मिले इसके लिए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जिलों में भेंट मुलाकात के दौरान की गई घोषणाओं और दिए निर्देशों पर कलेक्टर स्थानीय स्तर पर तत्काल कार्यवाही करें तथा जो कार्य राज्य स्तर पर किए जा सकते है उसका शीघ्र ही प्रस्ताव बनाकर भेजे। मुख्य सचिव ने संभागायुक्तों को निर्देश दिए है कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र के जिलों में कार्ययोजना के तहत मुख्यमंत्री की घोषणाओं और निर्देशों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**उपचार... सयान जतन क्लिनिक योजना से हो रहा नि:शुल्क उपचार**

# बुजुर्गों का ख्याल रख रही है छत्तीसगढ़ सरकार

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन को अपने बुजुर्गों का बहुत ख्याल है उन्हें अच्छी स्वास्थ्य सुविधा देने के सियान जतन क्लिनिक योजना की शुरुआत की गई है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग हर महीने के पहले गुरुवार को 'सियान जतन क्लिनिक' का आयोजन कर रहा है।




इन अस्पतालों में 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों की नि:शुल्क जांच और इलाज किया जा रहा है। यह पहल बुजुर्गों को बेहतर उपचार और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। इसके माध्यम से प्रदेश के आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में वृद्धावस्था में शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से पीड़ित वृद्धजनों को विशेष ओपीडी एवं पंचकर्म सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इन सभी अस्पतालों में मरीजों को संभालने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपस्थित रहती है। महासमुंद ज़िले के 36 आयुर्वेदिक अस्पताल व हेल्थ सेंटर में सियान जतन क्लिनिक की शुरूआत माह मई से हुई है, जहाँ 60 से अधिक उम्र के नागरिकों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार किया जा रहा है। प्रकृति से जुड़कर लोगों को स्वस्थ रहने के तौर-तरीके बताने का काम आयुष चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा है। इसके अंतर्गत दवा से लेकर अन्य सभी विधियां प्राकृतिक मापदंड से संबंधित हैं। इसके अच्छे परिणाम लोगों को प्राप्त हो रहे हैं।

आयुष का काम देख रहे डॉक्टर एस.एल.पटेल ने बताया कि पिछले दो माह में 4190 बुजुर्गों को इसका फ़ायदा मिला। माह मई में 1432 और जून माह में आयोजित शिविरों में 2758 बुजुर्गों का उपचार किया गया। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों का नि:शुल्क पंजीयन, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, प्रकृति परीक्षण व चिकित्सा की गई। इन जाँच शिविरों में स्मृति ह्रास, कम सुनाई पड़ना, नेत्ररोग, जोड़ों का दर्द, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और शारीरिक दुर्बलता इत्यादि शामिल है। चिकित्सालय के सियान जतन क्लिनिक में लाभार्थियों को ग्रीष्म ऋतु पेय मिश्रेय पानक, दशमूल काढ़ा, गुडुच्यादि काढ़ा, रसायन औषधि आदि प्रदान की गयी।

# डिमरापाल अस्पताल में आए मरीज में अब 52 प्रतिशत छूट पर ले सकते हैं जेनेरिक दवाईयां

**जगदलपुर।** संभाग मुख्यालय जगदलपुर स्थित डिमरापाल अस्पताल में रोजाना हजारों मरीज अपने इलाज को आते है। दवाइयों के महंगे दाम के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है। पर अब डिमरापाल अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों को महंगी दवाई लेने की मजबूरी से निजात मिलेगी। रेडक्रॉस सोसाइटी, बस्तर संभाग द्वारा संचालित मेडिकल स्टोर के शुभारंभ अवसर पर मंत्री श्री लखमा ने ये बाते कहीं। उन्होंने आज शहीद महेंद्र कर्मा शासकीय चिकित्सालय, डिमरापाल में रेडक्रॉस सोसायटी, बस्तर संभाग द्वारा संचालित मेडिकल स्टोर एवं



**मंत्री श्री कवासी लखमा ने डिमरापाल अस्पताल परिसर में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित मेडिकल स्टोर का किया शुभारंभ**

पुलिस सहायता केंद्र का शुभारंभ किया। इस मेडिकल स्टोर में ग्राहकों को जेनेरिक दवाओं पर 52 प्रतिशत, सर्जिकल सामग्रियों पर 62 प्रतिशत, इंजेक्टेबल सामग्री पर 42 प्रतिशत, कंस्यूमेबल सामग्री पर 71 प्रतिशत, ब्रांडेड दवाइयों पर 12 प्रतिशत तथा डीपीसीओ उत्पाद पर 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

# मिसाल- रेलवे प्लेटफॉर्म पर रहने वाले सफल बच्चे

विक्की राय और पंकज गुप्ता जैसे युवा से बहुत लोग भली-भांति परिचित होंगे। विक्की राय जाने-माने फोटोग्राफर हैं और पंकज गुप्ता थियेटर डायरेक्टर और एक्टर हैं। बहुत लोगों ने उन्हें फिल्म ओए लकी, लकी ओए में देखा होगा। जब वह कोरोना महामारी के दौरान जुटाई गई धनराशि से जरूरतमंदों की मदद करने में व्यस्त थे, इसी दौरान 12वीं कक्षा के छात्र गौरव स्कूली बच्चों को शेल्टर में कंप्यूटर का उपयोग करना सिखा रहे थे।

इन युवा उद्यमियों का बचपन कठिनाइयों से भरा रहा है। उनका जीवन समाज को बता रहा है कि जो बच्चे सामाजिक ताने-बाने में किसी भी तरह हाशिये पर रहने वाले हैं, अगर सही अवसर और सही समय पर उनकी उचित मदद की जाए, तो वे समाज के लिए सकारात्मक परिणाम लाकर नायक के रूप में सामने आ सकते हैं।

गरीबी से परेशान और अपने बड़े भाई से झगड़ों से तंग आकर गौरव बचपन में मध्य प्रदेश के बीना नामक गांव से भाग गए थे। वह बताते हैं, %अगली शाम जब ट्रेन मथुरा में रुकी, तो मैं उतर गया। स्टेशन पर बच्चों के एक समूह ने, जिसमें कुछ बड़े और कुछ छोटे बच्चे थे, मुझे अकेला देखकर मुझसे दोस्ती की। उन्होंने मुझे खाना और पानी दिया और मैं उनके साथ स्टेशन पर काम करने लगा। हम ट्रेनों में चढ़कर इस्तेमाल



अगर सही अवसर और सही समय पर उनकी उचित मदद की जाए, तो गरीब बच्चे समाज के लिए सकारात्मक परिणाम लाकर नायक के रूप में सामने आ सकते हैं।

की गई प्लास्टिक की बोतलें इकट्ठा करते थे।' चार-पांच महीने तक मथुरा रेलवे स्टेशन ही गौरव का घर था। इसके बाद वह नई दिल्ली आ गए, जहां स्टेशन पर उतरते ही लाजपत नगर में शेल्टर संचालित करने वाली टीम ने उनको अपने संरक्षण में ले लिया। बाद में उन्हें वॉलेट बनाने वाली एक फैक्ट्री में नौकरी मिल गई, लेकिन वहां काम करने से वह बीमार पड़ गए। उन्हें भोजन की तलाश में दिल्ली रेलवे स्टेशन लौटना पड़ा, जहां जीआरपी के एक अधिकारी ने उन्हें सलाम बालक ट्रस्ट में रहने या घर लौटने का विकल्प दिया। वह दिल्ली स्थित तीस हजारी में संचालित डीएमआरसी सलाम बालक शेल्टर होम फैसिलिटी में शामिल हुए, जहां उन्हें प्रताप नगर के एक अंग्रेजी माध्यम के सरकारी स्कूल में दाखिल कराया गया। गौरव वर्तमान में वेल्स इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी ऐंड एडवांस्ड स्टडीज, चेन्नई में समुद्री विज्ञान की पढ़ाई कर रहे हैं।

विक्की गौरव से कई साल बड़े हैं। उनकी कहानी पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से शुरू होती है। उन्होंने 11 साल की उम्र में अपनी दादी द्वारा बुरी तरह पीटे जाने के बाद पुरुलिया छोड़ दिया था। विक्की को उम्मीद थी कि वह एक दिन बड़े अभिनेता बनेंगे। इसी उम्मीद में वह दिल्ली पहुंच गए। हालांकि यहां उनका ठिकाना केवल दिल्ली रेलवे स्टेशन ही था। विक्की के जाने-माने फोटोग्राफर बनने का सफर भी सलाम बालक ट्रस्ट के सहयोग से ही पूरा हुआ है। विक्की को 2014 में एमआईटी मीडिया फेलोशिप और 2016 में फोर्ब्स एशिया 30 के अंडर-30 सूची के लिए भी चुना गया था।

इसी प्रकार झारखंड के मोहम्मद शमीम ग्यारह साल की उम्र में अपने घर मधुपुर से भाग कर नई दिल्ली चले आए। वह बताते हैं, %मुझे इतना पता था कि मेरे गांव के कई लोग दिल्ली में काम करते हैं।% शमीम कहते हैं, %मैं स्टेशन के बाहर एक चिनार के पेड़ के पास खड़ा था, तभी एक आदमी मेरे पास आया और मुझसे पूछा %पढ़ोगे?% मैंने कहा, %हां।% शमीम कहते हैं कि उस समय उनके मन में हर तरह की आशंका थी। कहीं कोई उसका गलत इस्तेमाल तो नहीं करेगा? लेकिन उनकी आशंका के विपरीत उनका जीवन बदल गया। सलाम बालक ट्रस्ट में उन्होंने कठपुतली मंचन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। आज शमीम द्वारा बनाई गई कठपुतली इस साल गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हुई थी। पंकज के पिता गरीब थे और उत्तर प्रदेश के झींझक इलाके में ढाबा चलाते थे। गरीबी से जूझ रहे पंकज अपने पिता के ढाबे पर काम कर रहे थे, जब पहली बार उनकी मुलाकात सलाम बालक ट्रस्ट (एसबीटी) के सदस्यों से हुई। आज पंकज 32 वर्ष के हो चुके हैं और एक मंझे हुए थियेटर कलाकार और प्रशिक्षक हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अभिनय भी किया है। उन्होंने 2015 से स्वतंत्र रूप से कई नाटकों का निर्देशन किया है। इनमें से यूनीक जर्नी और स्ट्रीट ड्रीम्स खासतौर पर काफी लोकप्रिय हो चुके हैं।

ममुनि दास

## संपादकीय

### ऐसे भी उलटा पड़ा दांव

यह बात पश्चिम की चिंता बताएगी कि दुनिया भर के देश अपनी रिजर्व करेंसी में चीन की मुद्रा युवान का हिस्सा बढ़ा रहे हैं। इससे डॉलर के वर्चस्व के लिए खतरा पैदा हो रहा है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद अमेरिका और पश्चिमी देशों ने रूस पर जो प्रतिबंध लगाए, उसका उलटा असर उन्हें झेलना पड़ रहा है। महंगाई और ईंधन के अभाव ने पूरी पश्चिमी दुनिया के बाशिंदों को परेशान कर रखा है। इसके दीर्घकालिक आर्थिक नुकसान का अंदाजा अब लगाया जा रहा है। उधर राजनीतिक उथल-पुथल की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। इसी बीच यह बात भी पश्चिमी रणनीतिकारों की चिंता बताएगी कि दुनिया भर के सेंट्रल बैंक अपनी रिजर्व करेंसी में चीन की मुद्रा युवान का हिस्सा बढ़ा रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय कारोबार में अमेरिकी मुद्रा डॉलर के वर्चस्व के लिए खतरा पैदा हो रहा है। यह बात यूबीएस एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कही है। यह कंपनी हर साल मुद्रा भंडार प्रबंधन सर्वे रिपोर्ट जारी करती है। उसकी ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 85 प्रतिशत सेंट्रल बैंकों ने बताया कि उन्होंने युवान में या तो निवेश किया है, या ऐसा करने पर वे गंभीरता से सोच रहे हैं। ये संख्या पिछले साल 81 प्रतिशत थी। सेंट्रल बैंक अपने भंडार में अगले दस साल में युवान के हिस्से को औसतन 5.8 प्रतिशत तक ले जाने पर विचार कर रहे हैं। यह मौजूदा स्तर की तुलना में बड़ी बढ़ोतरी होगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पिछले हफ्ते ही बताया था कि फिलहाल सेंट्रल बैंकों के भंडार में औसतन 2.9 प्रतिशत हिस्सा युवान का है।

# यूरोप में जलवायु ने खड़ा किया राष्ट्रीय संकट

दुनियाभर से पर्यटक यूरोप में गर्मी की छुट्टियां मनाने आते हैं लेकिन इस बार कई यूरोपीय देशों का हाल गर्मी से बेहाल हो चुका है। खासतौर पर पश्चिम यूरोप में गर्मी की वजह से कई देशों ने इसे राष्ट्रीय संकट घोषित कर दिया है। अगले कुछ हफ्तों तक इससे बचने के लिए अपने नागरिकों और पर्यटकों को चेतावनी दे रहे हैं। यूरोप में रिकॉर्ड गर्मी की वजह से कहीं सूखा तो कहीं जंगलों में आग लगने की खबरें सुर्खियों में है। वहीं प्रचंड गर्मी से यूरोपीय देशों के पर्यटन को धक्का भी पहुंच रहा है।

स्पेन, फ्रांस, इटली, पुर्तगाल, यूके में गर्मी का पारा 37 डिग्री के पार जा चुका है। इन देशों के मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान क़रीब आठ से दस डिग्री तक और बढ़ सकता है। कम से कम अगले दो हफ़्ते तक इस प्रचंड गर्मी से निजात मिलने की संभावना नहीं है।

इधर, ठंडे प्रदेशों के लकड़ी के घरों में एसी और पंखे की व्यवस्था नहीं होती है। यहां घरों को भी इस तरह तैयार किया जाता है कि ठंड के मौसम में बाहरी तापमान का असर घर के अंदर नहीं हो। अब ऐसे में आप अंदाजा लगा सकते हैं कि तापमान बढ़ने से यहां लोगों किन तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा होगा।

सूरज की तीखी धूप में बाहर निकलना चुनौती से कम नहीं। वहीं घरों का निर्माण ऐसे भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर नहीं किया गया। जिससे घरों के अंदर



*मौसम वैज्ञानिक यूरोप में बिगड़े हालात को जलवायु संकट की शुरुआत के तौर पर देख रहे हैं। उनका कहना है कि बार बार चेतावनी देने के बाद भी अगर मौसम परिवर्तन को लेकर दुनिया सचेत नहीं हुई तो आने वाले दिन इससे कहीं ज़्यादा घातक होने वाले हैं।*

भी लोग बेहाल हो रहे हैं। यह असंतुलित तापमान का असर ही है कि अब नॉर्वे और स्वीडन में भी एसी व पंखे बिकने लगे हैं।

यहां इन चीजों का बाजार बन रहा है। स्वीडिश जलवायु शोधार्थियों ने पहले ही इस बार देश में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी कर दी थी। जिससे यहां के बाजारों में पंखे और एसी उम्मीद से ज्यादा बिकने शुरू हो गये। स्पेन में हालात की गंभीरता को समझते हुए दिन में समुद्र तटों पर पर्यटकों के जाने की मनाही पहले ही हो चुकी है। हाल में ही स्पेन में पारा 40 डिग्री के पार जाने के बाद स्थानीय प्रशासन ने तपती धूप में समुद्र बीच पर जाने, लेटने, बैठने या सीधे धूप के संपर्क में रहने पर रोक लगा दिया था। ताकि कम से कम लोग लू की चपेट में आए और वे गर्मी से बीमार नहीं हो। पारा औसत से अधिक होने पर दिन में सार्वजनिक कार्यक्रमों और खुले मैदान में बैठने पर भी मनाही कर दी गई।

वहीं इटली पिछले 70 सालों के सबसे भयंकर सूखे की मार झेल रहा है। जिससे वहां गर्मी से आपातकाल की घोषणा की गई। इस सूखे की सबसे ज्यादा मार चावल की खेती पर हुई है। लगातार गर्मी और कम बारिश की वजह से धान के खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक़ इटली में पिछले तीस वर्षों की औसत बारिश का आधा भी इस वर्ष नहीं हुआ है। सूखे के कारण देश का 30 प्रतिशत कृषि उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसमें धान की खेती यहां सबसे ज़्यादा बर्बाद हुई है। इसका असर आने वाले दिनों में बाजार की महंगाई पर भी पड़ने वाला है।

इंग्लैंड और वेल्स में मौसम विभाग ने अगले दो हफ्तों के लिए हीट अलर्ट जारी कर दिया है। यहाँ आने वाले दिनों में तापमान औसत से ज़्यादा रहेंगे। ऐसे में लोगों को दिन में कम से कम घर से बाहर निकले और शरीर में पानी की कमी नहीं हो इसकी भरपूर व्यवस्था रखने के सुझाव सार्वजनिक तौर पर दिये जा रहे हैं।

वहीं सूखे व भयंकर गर्मी की वजह से रोम और पुर्तगाल के जंगलों में आग लग गई। इस वजह से आसपास के इलाकों का तापमान औसत से कहीं ज़्यादा बढ़ चुका है। माना जा रहा है कि तापमान ऐसे ही प्रचंड रहा तो पुर्तगाल में भी गर्मी को राष्ट्रीय संकट घोषित किया जा सकता है।

प्रियंवदा सहाय

## मिला जुला

# सहकारी समिति घपला में डूबी

### ग्रामीणों की खून-पसीने की कमाई का करोड़ों का हेराफेरी -रामा शोडी

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

कोन्टा एवं एर्राबोर प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण वास्तविक तादात यानि गड्डी में बहुत कम दिखाकर आम जनता के खून-पसीने के करोड़ों रूपयों का घपला कर हड़पने के सम्बन्ध में दण्डात्मक कार्यवाही की मांग करते हुए जिला पंचायत सदस्य ने आरोप लगाया है और कहा की  तेन्दूपत्ता का संग्रहण प्रदेश में प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। इस वर्ष अर्थात 2022 में कोन्टा एवं एर्राबोर की चारो समितियां नीलामी में ठेकेदार द्वारा लिया गया था। ग्राम मूलाकिसोली के ग्रामीणों ने तेन्दूपत्ता संग्रहण की राशि नहीं



मिलने की शिकायत हम लोगों से किया, तत्पश्चात् हमने तहकीकात किया तो पाया कि इसमें करोड़ों रूपये का घोटाला किया गया। जिसे इस तरह समझा जा सकता है। ग्राम मूलाकिसोली एर्राबोर समिति के तहत् आता है। इस ग्राम पंचायत में कुल संग्रहण के 05 फड़ खलियान है जिसमें प्रत्येक फड़ में वास्तविक संग्रहण इस प्रकार हुआ है जो संग्रहण कार्ड में दर्ज है।

फड़ का नाम व ग्राम

जग्गावरम, कट्टमगुड़ा,मूलाकिसोली ,वंजामगुड़ा, मेटागुड़ा, 285700 गड्डीयों का समर्थन मूल्य के हिसाब से भुगतान हुआ और742996 गड्डीयों को

**सतहत्तर लाख एक हजार पांच सौ सोलह रूपये का घपला का सीधा आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी से जांच कर कार्यवाही की मांग**

जिला वनोपज संघ कार्यालय में रिकार्ड से ठेकेदार से मिलकर गायब कर दिया गया। नीलामी की दर प्रतिमानक बोरा 10368 के हिसाब से 77,01,516.00 रूपये ;सतहत्तर लाख एक हजार पांच सौ सोलह रूपयेद्ध का सीधा घपला हुआए जो कि जनता का खून.पसीने का पैसा है। ठेकेदार द्वारा जनता से किये गये वादे के विपरित उन्हें एक भी रूपये अभी तक नहीं मिला है।

एर्राबोर अ,समिति में कुल 14 फ ड़ है। और जो आंकड़े पेश किया गया वह मात्र एक पंचायत के 05 फ ड़ का है। स्वत: ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सम्बन्धित ठेकेदार कोन्टा ब, एर्राबोर के अ, एवं ब,समितियां निलामी द्वारा लिया गया था। इनमें कुल फ ड़ों गड्डीयों का वास्तविक संग्रहण दाताद जब सामने आयेगा, तब करोड़ो रूपये का घपला उजागर होगा। जो कि सबको सकते में डाल देगा।

### तेन्दूपत्ता संग्रहको में रोष

*ठेकेदार द्वारा जनता से किये गये वादे के विपरित उन्हें एक भी रूपये अभी तक नहीं मिला है। जिससे संग्रहको में काफी रोष व्याप्त है। साथ ही संग्राहको की आय का प्रमुख साधन होने से आदिवासियों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। जिसकी भरपाई करना शायद ही संभव है। तेन्दूपत्ता संग्राहको द्वारा किये गये वास्तविक संग्रहण गड्डियों का भुगतान जल्द से जल्द करे। हम संबंधित ठेकेदार तथा वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों/ कर्मचारियों के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की मांग करते हैं*

# सुकमा कलेक्टर ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

### कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लोगों को राहत शिविर केन्द्र में शिफ्ट कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

कलेक्टर हरिस एस द्वारा अतिवृष्टि को देखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लगातार मानिटरिंग और दौरा किया जा रहा है। साथ ही उनके द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। कोंटा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लोगों को राहत शिविर केन्द्र में शिफ्ट कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर हरिस एस जिले में हो रहे अधिक बारिश को देखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के हालात





पर नजर बनाए हुए है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव मद्द करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर हरिस एस ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने का अपील किया है। कलेक्टर ने कहा है कि अगर बारिश के कारण स्थिति गंभीर हो या जानमाल का खतरा हो तो तत्काल उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए। साथ ही उनके लिए भोजन, पेयजल आदि की समुचित इंतजाम सुनिश्चित किया जाए।

**बिहार में चल रहा था इस्लामिक राष्ट्र बनाने का बड़ा खेल**

# पटना में रिटायर्ड दारोगा सहित तीन आतंकवादी गिरफ्तार



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के फुलवारीशरीफ में केरल सहित अन्य कई राज्य के युवाओं को प्रशिक्षित कर भारत को 2047 तक इस्लामिक राष्ट्र बनाने के मिशन में शामिल करने के उद्देश्य का पर्दाफाश करते हुए सुरक्षा बलों ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके आतंकी गतिविधियों में संलिप्त होने की आशंका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पटना दौरे से ठीक एक दिन पहले सोमवार की रात दो गिरफ्तारियां की गईं। तीसरी गिरफ्तारी गुरुवार को की गई है। जबकि, छह अन्य की तलाश की जा रही है।

### कई देशों से जुड़े थे यहां के तार

पटना में मार्शल आर्ट और शारीरिक प्रशिक्षण देने की आड़ में बहुत ही खतरनाक खेल चल रहा था। इसके तार पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित अन्य देशों से भी जुड़े होने के साक्ष्य मिले हैं। सुरक्षा एजेंसियों को इनलोगों की भनक लग चुकी थी। आइबी, दिल्ली से इनपुट मिलने के बाद सोमवार की देर रात चार थानों की पुलिस ने एएसपी मनीष के नेतृत्व में छापेमारी की। यह छापेमारी शरीफ नया टोला स्थित एसडीआइपी (सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया) और पीएफआइ (पापुलर फ्रंट आफ इंडिया) के कार्यालय में की गई।

# अधिक रेट पर उर्वरक बेचे जाने की शिकायत आधा दर्जन दुकानों पर कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

संचालक कृषि के अध्यक्षता में बीते दिनों राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में डीएपी उर्वरक की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण उक्त स्थिति का लाभ उठाते हुए निजी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा डीएपी उर्वरक का निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर विक्रय किये जाने कि संभावना के मद्देनजर दिये गये निर्देशानुसार तत्काल कार्यवाही करते हुए जिले में संचालित निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रो का उर्वरक निरीक्षको द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएपी उर्वरक शासन द्वारा निर्धारित कीमत 1350 प्रति बैग के स्थान



पर 1600 प्रति बैंग विक्रय किये जाने की शिकायत किसानो से प्राप्त होने पर 12 जुलाई 2022 को विकासखंड बेमेतरा के उर्वरक विक्रय केन्द्र मेसर्स चन्द्राकांता,ग्रो होम पाइंट दाढी, मुक्ता कृषि केन्द्र नवागांवकला, साहू कृषि केन्द्र कठौतिया, किसान कृषि केन्द्र बेतर, मॉ जगदम्बा कृषि केन्द्र दाढी एवं विकासखंड साजा के वर्मा कृषि केन्द्र थानखम्हरिया के उपर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खंड 3 का उल्लंघन पाये जाने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए विक्रय पर प्रतिबंध किया गया साथ ही उर्वरक विक्रय की कालाबाजारी रोकने हेतु एवं कृषको को जागरूक करने हेतु कृषकों का अधिकार शीर्षक के अंतर्गत 8 बिन्दुओ से संबंधित जानकारी जिले के प्रत्येक निजी उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानो पर प्रदर्शित किया गया है साथ ही कृषको को निजी उर्वरक विक्रेताओ द्वारा डीएपी उर्वरक के निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर विक्रय अथवा जैव प्रेरक एवं अन्य अवांछित सामाग्री लादन के रूप में विक्रय किये जाने के निगरानी हेतु प्रत्येक निजी उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानो में जिले के समस्त मैदानी अमलो की ड्यूटी लगायी गई है।



# भारी वर्षा से जनजीवन अस्त व्यस्त,नदी नाले ऊफानों पर

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

वर्षा रितू के आने के साथ ही बरसातों से कही तो रोड बन्द हो जाती तो कही नदी भर आता और पिछले वर्षो की तुलना में बस्तर में भारी वर्षा का दौर थमने का नाम ही नहीं ले रहा है।





वही सुकमा जिले में भी चारो ओर बारिशों का दौर जारी है जिससे पुल पुलिया कही डुब गये तो कही नदी पैक बह रही ऐसे ही गादीरास स्थित मलगेर नदी पर बने पूल पर तीन फिट पानी बहने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है उस पार बसे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पढ़ रहा है पूल के ऊपर पानी चढ़ने से सैकड़ों लोगों का आवागमन थम गया है ग्रामीणो के रोज मर्रा के सामाग्री गादीरास जो पुल के इसपार बसा है आवाजाही थमने से दिक्कतों का सा हो रही है अधिक पानी को देखते हुए कई स्कूली बच्चो को छुट्टी दे दी गयी उसी बीच पुलिस की सेवाएं गादीरास थाना प्रभारी रितेश यादव के सफलत प्रयास से लोगों को पूल पार करवाया जा रहा वही थाना प्रभारी द्वारा सीआरपीएफ के जवानों को तैनात कर रस्सी लगाकर ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को रस्सी के द्वारा पूल पार करने मे मदत कर रही वही। ग्रामीण सोनू ने बताया की झीरम पाल के है पुल के ऊपर पानी बहने से इस पार गादीरास में फसगय है हमे अब पता नहीं की कब तक पानी कम होगा तो हम घर पहुंच पाऐंगे हमे रोजमर्रा के सामानो के लिए गादीरास आना जाना पड़ता है।

## एक मौत हो गयी

वही अधिक बारिस की वजह से गीदम नाला के पास सड़क हादसा, बाइक सहित युवक नाले में जा गिरा, देर रात की घटना होने के कारण किसी प्रकार की मदत न मिलपाने की वजह से युवक की मौत हो गयी सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, छानबीन करके युवक का शव किया बरामद किया लेकिन मोटर बाइक बरामद नहीं हुई हैं। गीदम नाला के पास अंधा मोड़ हैं और रात भर बारिश जारी थी जिससे अंदेशा हैं कि यह घटना का मुख्य कारण रहा।

## पेड़ गीरने से राष्ट्रीय राज्य मार्ग बाधित

**वही सुबह से ही भारी वर्षा के कारण सुकमा से जगदलपुल की ओर जाने वाली राष्ट्रीयराज्य मार्ग बाधित हो गयी जिससे वाहनों की लम्बी कतार लग गयी थी वही पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों के कोशिशों से मार्ग खुल पाया।**

## राज्य कि सीमा हुयी बन्द

*जिले में पिछले 6 दिनो से हो रहे भारी बारिश से छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर कोन्टा से 3 राज्यों का संपर्क टूट चुका है लगातार हो रही बारिश से वहा का जीवन अस्थ-व्यस्थ हो चुका है सुकमा जिले मे बाड़ कि चपेट से दर्जन भर गांव के इलाके आ गये हैं। छत्तीसगढ़. तेलन्गाना आंध्रप्रदेश को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग पर भी 5 फिट से ज्यादा पानी भर गया खास कर उन गांवों के लोगों को डर सता रहा है जो नदी या नालो के किनारे बसे है मौसम विभाग की चेतावनी के बाद फिर से प्रशासन भी अलर्ट हो गयी क्योंकि सुकमा जिले को रेड जोन मे रखा है भारी बरसात के कारण यहा के लोगों में डर का माहौल है खुद प्रशासन भी लगातार लोगों से सम्बन्ध साझ रही है और हर पल कि खबर जनता को दे रही है प्रशासन द्वारा मोटर बोर्ड के सहारे आने जाने के लिए व्यस्ता किया गया है।*

# एक नजर

## तेज रफ्तार बस पलटी, 5 घायल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




जिले के पिथौरा विकास में भुवनेश्वर ओडिशा से रायपुर जा रही तेज रफ्तार डॉल्फिन बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार 45 यात्रियों में अनेक यात्री घायल हुए हैं पर 2 यात्री गंभीर बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक बसना थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग.53 पर ग्राम बोहारपार के पास हुए यात्री बस हादसे में 5 यात्रियों के घायल होने की खबर है। सभी घायलों को बसना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है। जहां सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है। इस बस में 45 यात्री सवार थे। गंभीर रूप से दोनों यात्रियों को जिला अस्पताल महासमुंद भेज दिया गया है। घटना आज अलसुबह हुई। घटना की सूचना मिलते ही बसना पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से सभी फंसे यात्रियों को दुर्घटना ग्रस्त बस से बाहर निकाला। दुर्घटना का कारण बताया जाता है कि बस कुछ लेट हो गई थी। टाइम मैनेज के चक्कर में बस अत्यधिक रफ्तार में थी जिससे अनियंत्रित होकर पलट गई। यात्रियों को निकालने के बाद बस को बुलडोजर से किनारे कर यातायात बहाल किया गया।

## आज से कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज प्रीकॉशन मुफ्त

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आजादी के अमृतकाल के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार ने बुधवार को फैसला किया कि 18 प्लस से ज्यादा उम्र के सभी लोग 15 जुलाई से कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज प्रीकॉशन मुफ्त लगवा सकेंगे। सरकारी केंद्रों में यह सुविधा सिर्फ आगामी 27 सितंबर तक 75 दिन रहेगी। उसके बाद बूस्टर डोज के लिए स्वयं खर्च वाहन करना होगा। इससे जिले के कुल 767783 लोगों को लाभ मिलेगा। देश में कोरोना की तीसरी लहर के बीच 10 जनवरी से सरकार ने लागों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये बूस्टर लगाने की शुरूआत की थी। जिसमें पहले क्रम में फ्रंटलाईन कोरोना वारियर्स और 60 प्लस से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को बूस्टर मुफ्त लग रही है। जिसका कुल प्रतिशत 45.66 है जिसमें सर्वाधिक बसना में 63.30 फीसदी और सबसे कम बगबाहरा में 28.06 फीसदी लोगों को ही बूस्टर डोज की व्यवस्था निजी अस्पतालों में सशुल्क की गई है। इसके लिए उन्हें सरकार की ओर से कई बार मैसेज भी मिल चुका है। लेकिन जिले के किसी भी निजी अस्पताल में इसकी व्यवस्था नहीं होने से 18 प्लस वाले एक भी हितग्राही को बूस्टर डोज नहीं लग पाई है। इधरए टीकाकरण सलाहकार मुकुंद राव का कहना है कि फिलहाल सरकार ी ओर से प्रीकॉशन डोज की घोषणा की खबर मिली है लेकिन इसके लिए आदेश नहीं आया है आदेश आते ही पोर्टल पंजीयन शुरू कर डोज लगाई जाएगी। इसके लिए तैयारी की जा रही है।

## अज्ञात कारण से नाबालिग युवती ने फांसी लगाकर की अपनी जीवन लीला समाप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बेलगहना लगातार हो रही आत्महत्या के कड़ी में फिर एक नाबालिग युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुमारी संगीता बैगा पिता जलसिंह बैगा उम्र 15 वर्ष जो ग्राम सरगोड़ की निवासी थी कल रात खाना खाकर अपने घर से बगैर किसी को बताये निकली थी। जिसे परिजनों के द्वारा तलाश किया जा रहा था आज सुबह बर डोंगरी के जंगल में फ ांसी पे लटका हुआ पाया। जिसकी सूचना बेलगहना चौकी में आकर परिजनों द्वारा दी गयी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बेलगहना चौकी प्रभारी पारस पटेल द्वारा तत्काल सज्ञान में लेते हुए घटना स्थल पर मामले की पूरी जानकारी ली। जिसमे परिजनों द्वारा



फांसी लगाने के किसी भी कारण से अनभिग्यता जताई। फिलहाल बेलगहना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाकर मामले की जांच में जुटी हुयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही किसी भी अन्य कारण का पता चल सकेगा।

# द आइकन इवेन्ट पैजैन्ट द आइडल्स आफ छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से आडिशन लेने के बाद शो का ग्रैन्ड फिनाले बैकुंठपुर होटल गंगा श्री मैं अक्टूबर माह में होगा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।





बैकुंठपुर मानस भवन में सविता खनुजा एवं जैद खान द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में माडलिंग डान्सिंग एवं सिन्गिग का आडीशन लिया गया। जिसमें लगभग 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमे राज्य स्तरीय जजों ने अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया सुश्री ईपशीता खनुजा क्वीन आफ छत्तीसगढ़ 2022,जैद खान मिस्टर हैंडसम 2021, विक्की विनकर मिस्टर कोरिया 2022, सुश्री शारदा समुन्द्रे भोजपुरी प्ले बैक सिंगर ने अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। राकेश, अशद इराकी सुश्री शालिनी सिंह श्याम मिल छत्तीसगढ़ 2021, तम्मन्ना खान मिस कोरिया 2022, आस्तिक शुक्ला, एवं राहुल भाई अतिथि रहे।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम राउरपुर में नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




जिला बेमेतरा में आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम राउरपुर विकास खण्ड बेमेतरा में आज गुरुवार को नि:शुल्क स्वास्थ शिविर एवं नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को स्वास्थ परीक्षण का लाभ स्वास्थ विभाग की सहयोग से प्रदान किया गया। साथ ही आदिवासी विकास विभाग द्वारा ग्रामीणों को मास्क, सेनिटाईजर, ओआरएस ग्लुकोज पाऊडर का वितरण किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के तत्वाधान में स्वास्थ शिविर अतंर्गत संबंधित ग्राम के मितानिनों को हेल्थ किट, शुगर जाँच मशीन, बीपी मशीन, थर्मामीटर, वौपोराईजर, एसपीओटू मॉनिटर, सेनिटाईजर, मास्क, ओआरएस इत्यादि प्रदाय किया गया। शिविर में स्वास्थ विभाग की ओर से चिंताराम साहू, रतन कवरेती, सुश्री हीना वर्मा, सुश्री मधुलता सेवाई, ग्राम पंचायत सचिव शकुन्तला माण्डले, एवं आदिवासी विकास विभाग से कमलेश कुमार साहू, देवेन्द्र सिंह परमार, राजेन्द्र धृतलहरे उपस्थित थे।

# नपाध्यक्ष कृष्णा ने समीक्षा बैठक में बकाया साढ़े 3 करोड़ टैक्स वसूलने के दिए निर्देश

## अब से टैक्स बकायादारों की पूरी सुविधाओं पर लगेगी रोक

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



नगर पालिका के कार्यवाहक अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने जल, विद्युत, राजस्व विभाग सहित प्लेसमेंट कर्मचारियों की बैठक लेकर तमाम काम काज की समीक्षा की। नागरिकों का जल कर, संपत्ति कर, समेकित कर, दुकान का किराया सहित यूजर्स चार्जेस का 31 मार्च 2022 तक के 3 करोड़ 51 लाख 38 हजार रुपए का टैक्स बकाया होने की जानकारी दी गई। कार्यवाहक अध्यक्ष ने कड़ाई से टैक्स वसूली करने के निर्देश दिए हैं। और बकायादारों की सारी सुविधाओं पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

नगर पालिका के सभा कक्ष में गुरुवार को कार्यवाहक अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने जल, विद्युत, राजस्व विभाग सहित प्लेसमेंट कर्मचारियों की पृथक पृथक बैठक लेकर समीक्षा की। अध्यक्ष चंद्राकर ने काम के दौरान कर्मचारियों को होने वाली परेशानी को भी जाना। इन दौरान राजस्व

### जल, राजस्व, विद्युत विभाग सहित प्लेसमेंट कर्मचारियों अलग-अलग हुई बैठक

विभाग प्रभारी दिलीप चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों से 31 मार्च 2022 तक में 3 करोड़ 51 लाख 38 हजार रूपए विभिन्न टैक्स बकाया है। जिसे वसूली किया जाना है। प्रभारी ने जानकारी दी है कि संपत्ति कर का 84 लाख 75 हजार, समेकित कर का 57 लाख 53 हजार, जलकर का 1 करोड़ 71 लाख 78 हजार, दुकानों का किराया 2 लाख 29 हजार, यूजर्स चार्जेस के 35 लाख 3 हजार बकाया है। इस पर अध्यक्ष चंद्राकर ने सख्ती से वसूली करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा सोमवार से राजस्व और जल विभाग की संयुक्त टीम को टैक्स वसूली में लगाया जाए। चंद्राकर ने किसी भी व्यक्ति का कोई भी टैक्स बकाया हो तो सारी सुविधाओं पर रोक लगा दी जाए। जरूरत पड़े तो नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही करें। और ऐसे लोगों को टाउन हॉल या फिर पानी टैंकर सहित कोई भी सुविधाएं नगर पालिका से चाहिए तो टैक्स बकाया होने की स्थिति में कोई भी सुविधाएं न दिया जाए। चंद्राकर ने बारिश को देखते हुए नगरी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त रखने को कहा है। साथ ही कर्मचारियों को काम गति लाने के मिनी डोर और सुरक्षा उपकरण साथ रखने को कहा है। इस दौरान अध्यक्ष चंद्राकर ने सख्त लहजे में कहा कि कोई भी कर्मचारी ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कोई भी समस्या हो तो सीधे उनसे अध्यक्ष से संपर्क करें। सीएमओ या फिर संबंधित विभाग को तत्काल सूचना दे। इस दौरान पार्षद हफीज कुर्रेशी, रिंकू चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, महेन्द्र जैन, सीएमओ आशीष तिवारी, ई अनुप कुमार सोनी, उप अभियंता दिलीप कश्यप, सीताराम तेलक, नौशाद बक्श, करण कुमार यादव, अनुराग गुप्ता सहित कर्मचारी गण मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर युवा कांग्रेस ने किया जोरदार स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष बनने के पश्चात बस्तर टाइगर के नाम से पूरे प्रदेश में मशहूर आमीन मेमन का प्रथम रतनपुर आगमन हुआ। जिसमे युवा कांग्रेस एवं अल्पसंख्यक के संयुक्त तत्वाधान में आतिशबाजी करते हुए बजो-गाजो के साथ महामाया चौक रतनपुर में गर्म जोशी के साथ स्वागत हुआ, अपने अल्प समय के प्रवास पर प्रदेशाध्यक्ष आमीन मेमन का यूपी से रतनपुर आगमन हुआ। प्रदेशाध्यक्ष की शपथ लेने के बाद से पूरे प्रदेश में उनका लगातार दौरा कार्यक्रम जारी है। वे अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात करने उत्तर प्रदेश पहुंचे थे जहां से लौटते वक्त उनका अल्प प्रवास रतनपुर हुआ। स्वागत पश्चात वे रेस्ट हॉउस पहुंचे जहां उन्होंने संगठन, युवा एवं अल्पसंख्यक कांग्रेस के लोगो से मुलाकात की जिसमे उन्होंने पार्टी की गतिविधियों को जाना साथ हि अल्पसंख्यक में विस्तार कर पार्टी को और भी मजबूत करने को कहां जिसमे वरिष्ठ कांग्रेस नेता दामोदर सिंह छत्रिय, राजा रावत,रवि रावत,रफी अंसारी, शेख दाऊद मोहम्मद,फैज मोहम्मद,निशार खान,सुलेमान कुरैशी, रहमान खान,निजाम खान,आकाश कोशले,करण घोष,आकाश रावत,संदीप प्रधान,अखिल तम्बोली,सोनू धीवर सहित अन्य जन मौजूद रहे। मुलाक़ात पश्च्यात प्रदेशाध्यक्ष रायपुर के लिए रवाना हुए साथ हि 19 को बिलासपुर जिले में होने वाले सम्मेलन में आने के लिए सभी को आमंत्रित किया।



# 71 लाख 20 हजार का भुगतान एक मुश्त

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

राज्य सरकार प्रदेश के विकास और जनता के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना की एक और कड़ी जुडी।



श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के श्रमिक परिवारों की बेटियों के लिए शुरू की गयी इस योजनान्तर्गत महासंमुद जिले में इस योजना के तहत पंजीकृत 356 हितग्राहियों की पुत्रियों के बैंक खाते में 20-20 हजार रूपए के हिसाब से कुल राशि रूपए 71 लाख 20 हजार का भुगतान एक मुश्त किया गया है। महासमुंद गुड़रूपारा निवासी हितग्राही छगन बाई की बिटिया कु. नेहा व ग्राम बेमचा निवासी भारती निर्मलकर की पुत्री कु. भूमिका ने बताया कि इस योजना की राशि उनके बैंक खाते में आ गयी है। उन्होंने यह राशि उपनी आगे कॉलेज की पढ़ाई के लिए सहेज कर रखी है। दोनों बेटियों ने हाई स्कूल पास किया है। इस राशि का उपयोग वे अपने आगे की कॉलेज की पढ़ाई पर खर्च करेंगे। शासन की इस योजना से उनका परिवार बहुत खुश है। वहीं लिमदरहा निवासी भरतलाल ने भी जानकारी दी कि उनकी पुत्री योगेश्वरी के बैंक खातें में 20 हजार रुपए की राशि प्राप्त हो गयी है। उनकी पुत्री पिरदा कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। यह राशि पाकर वह भी काफी प्रसन्न है। उन्होंने राज्य सरकार को धन्यवाद दिया है। जिला श्रम अधिकारी डीके राजपूत ने बताया कि महासमुंद जिले में सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में 1 लाख 20 हजार श्रमिक पंजीकृत है। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के तहत अब तक 356 पात्र हितग्राहियों की पुत्रियों के लिए 20-20 हजार रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में डाली गई है। इस योजना के कारण श्रमिकों की बेटियां अब सशक्त एवं आत्मनिर्भर भी बन रही। यह योजना लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के साथ.साथ सामाजिक सहायता भी प्रदान कर रही है। श्रमिक परिवारों की बेटियों को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार के साथ ही उनके विवाह में यह राशि मजबूत सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत श्रमिक ही पात्र है। पात्रधारियों को योजना का लाभ लेने के लिए मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑन लाइन पंजीयन करना होगा। योजना का उद्देश्य है कि श्रमिक मजदूर परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से काफी कमजोर होता है। इस कारण इस परिवार के बच्चों खास तौर पर बेटियों को अपनी पढ़ाई-लिखाई बीच में ही छोड़ देनी पड़ती है। इसलिए वे पढ़ाई से दूर हो जाती है। इस कारण उनके आर्थिक व सामाजिक रूप से शोषण की संभावना बनी रहती है। श्रमिक परिवार की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से तथा उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार तथा उनके विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के तहत पात्र श्रमिक परिवार की प्रथम दो बेटियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में डाली जाती है। बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर जनता के नाम संदेश में मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना की घोषणा की थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य श्रमिक परिवार की बेटियों को शिक्षा, रोजगार, विवाह आदि में आर्थिक सहायता प्रदान कर सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। इस योजना में श्रमिक/मजदूर परिवार बेटी जिसकी उम्र न्यूनतम 18 वर्ष और 21 वर्ष से अधिक न हो तथा वह अविवाहित हो उन्हें 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती।

# जुगाड़ से तैयार किए बिजली तार के पुल, ग्रामीणों के लिए आवागमन का बना साधन

## पुल बनने पर ग्रामीणों को मिलेगी राहत, सालों से इसी फूल के सहारे चल रहे ग्रामीण

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिले के गादीरास तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मनकापाल के गांव नागलगुड़ा में ग्रामीणों ने बिजली तार से जुगाड़ का पुल का निर्माण किया गया है। इस पुल से बारिश के दिनों में ग्रामीणों को आने जाने की सुविधा ही रही हैं।



ग्रामीणों ने बताया कि इस पल का निर्णय करीब 10 वर्ष पुल निर्माण किया गया है, क्योंकि नदी के दूसरे और खेत व बाजार होने के कारण से बारिश के दिनों में नदी पर कर जाने में दिक्कत होती थी। जिसके कारण से सभी ग्रामीणों ने मिलकर यहां पर बिजली तार के मदद से पुल का निर्माण किया गया है। सुकमा जिला मुख्यालय से करीब 35 किमी की दूरी पर स्थित नागलगुड़ा गांव के पास देखने को मिलती हैं यहां मलगेर नदी पर पुल नहीं हैं, ग्रामीण परेशान थे और यह राह देख रहे थे कि शासन पुल बनाए लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मलगेर नदी के तट पर नागलगुड़ा गांव बसा हुआ हैं। यहां के कुछ ग्रामीणों के खेत नदी के उस पार हैं पुल नहीं होने के चलते खेती किसानी प्रभावित होती हैं साथ ही नदी के उस पार दो पंचायत के करीब आधा दर्जन गांव हैं जहां पर नागलगुड़ा गांव के ग्रामीणों के रिस्तेदार रहते हैं लेकिन वो इस पार नहीं आ पाते थे। पुल नहीं होने के चलते नदी के उस पार के ग्रामीण रोजमर्रा के सामान लेने हेतु नागलगुड़ा के पास स्थित मारुकी में लगने वाले सफ्ताहिक बाजार नहीं आ पाते थे। आखिरकार ग्रामीणों ने खुद ही अपनी समस्या का समाधान करने का सोचा और आवश्यकता ही अविष्कार की जननी कहावत को चरितार्थ करते हुए लकड़ी व तार के सहारे नदी पर जुगाड़ का पुल तैयार कर लिया हैं जिसका उपयोग करके ग्रामीण नदी पार करके अपने रिस्तेदार से मिलते हैं। सफ्ताहिक बाजार से रोजमर्रा के सामान की खरीदी भी करते हैं। और साथ ही खेती किसानी भी उनकी आसानी हो जा रही हैं लेकिन सवाल यह हैं कि आखिरकार शासन-प्रशासन इनकी समस्या नजर क्यों नहीं आयी। जुगाड़ का पुल ग्रामीणों ने बना तो लिया हैं। लेकिन यह खतरनाक हैं पुल पर चलने के दौरान हिलता हैं बच्चों के साथ पार करना खतरनाक हैं।

### पुल पार करने के दौरान हादसे में एक ग्रामीण की पूर्व में हुई थी मौत

*ग्रामीणों ने बताया कि चार-पांच वर्ष पहले इस बिजली तार के पुल से एक ग्रामीण की गिरने की वजह से मौत हो गई वहीं बारिश के दौरान नदी उफान पर था इस दौरान जिला में नदी के इस पार से दूसरी ओर जा रहा था। इस दौरान यह हादसा हुआ, ग्रामीण की गिरने के बाद नदी के तेज धार में डूब गया। जिसकी वजह से ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं पूल काफी साल पुराना हो चुका है जिसकी वजह से इसमें लगी लकड़ियों में भी खराब हो चुकी है। लेकिन समय-समय पर इसका मरम्मत ग्रामीण करते रहते हैं। लेकिन पुल पार करने के दौरान पुल काफी हिलता है। जिसकी वजह से इसमें छोटे बच्चों को पार कराने में काफी मुश्किल काम है।*

### इस पुल से होती है दूरी कम इसलिए करते है उपयोग

*ग्रामीणों ने बताया कि अगर इस पुल का उपयोग करते हैं तो हम लोगों को 40 से 50 किमी का सफर करने पैदल चलकर तहसील मुख्यालय होते हुए जाना पड़ता हैं तो काफी समय लगता है अगर इस पुल के सहारे हम जाते हैं तो घंटों का सफर है वह चंद मिनटों में हो जाता है जिसकी वजह से हम लोग इस पुल से जाते हैं। इस क्षेत्र के आधा दर्जन गांव ग्राम पंचायतों के लिए राहत देता है।*

# ग्रामवासियों ने लगाये महिला पटवारी पर घूसखोरी का आरोप

निष्पक्ष जांच होने तक निलंबित करने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

केवल सिंह मरकाम जिलाध्यक्ष गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी जिला कोरिया ने कलेक्टर कोरिया को महिला पटवारी रिया दास ग्राम सिरौली मनेंद्रगढ़ के विरुद्ध घूसखोरी को लेकर ज्ञापन दिया एंव ग्रामीणों की मांग पर पटवारी रिया दास को निष्पक्ष जांच होने तक निलंबित करने को लेकर मांग की कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने प्रशासन से पटवारी रिया दास जिनपर रिश्वत लेने का आरोप है उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाकर निष्पक्ष जांच करने एंव जांच पूर्ण होने तक निलंबित किए जाने को लेकर आवेदन प्रेषित किया है क्योंकि ग्रामवासियों को अंदेशा है कि पटवारी के पदस्थ रहते



**गोंगपा ने महिला पटवारी रीया दास के विरुद्ध निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई को लेकर कलेक्टर कोरिया के हाथों मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन**

राजस्व प्रकरणों एवं जांच संबंधी क्रियाकलापों को पटवारी प्रभावित कर सकती हैं। ग्रामीणों की माने तो पटवारी अपने को फसता देंख पटवारी ने अपना स्थान परिवर्तन



करावाया है वह भी कोथारी गांव जो सिरौली के बगल में है।अतरू इन्हे मनेंद्रगढ़ एसडीएम कार्यालय से दूर रखा जाए। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने इस आवेदन के साथ यह भी कहा के पार्टी जनहित के मुद्दों पर मुखर होकर जनता का साथ देगी और जो भी भ्रष्ट प्रवृत्ति के अधिकारी कर्मचारी लोगों को अनावश्यक परेशान करने की,कोशिश करेंगे गोंगपा उनके विरुद्ध हमेशा संवैधानिक लड़ाई लड़ने को तैयार है।

# जलवायु परिवर्तन से होने वाले बिमारी के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में दिया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




जलवायु परिवर्तन होने से मौसमी बिमारी के रोकथाम एवं उपचार के संबंध में आज जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नामित चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें जलवायु परिवर्तन से होने वाले बिमारी जैसे बुखार, उल्टी दस्त, हेपेटाईटीस पीलिया, मलेरिया, फाईलेरिया, डेंगू, रेबिज, सर्पदंश, बिच्छुदंश, मिजल्स, रूबेला आदि के संबंध में डॉ. खगदेव साहू एवं डॉ. नरेश जांगड़े एवं जिला नोडल अधिकारी आईडीएसपी डॉ.ज्योति जसाठी के द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार घोष व विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शरद कोहाड़े की उपस्थिति में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।




# नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन, बेरला के दो निजी अस्पताल सील

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देश पर विकासखण्ड बेरला में संचालित भवानी अस्पताल का निरीक्षण किया गया। टीम को अस्पताल जो कि बिना लाइसेंस के संचालन किया जा रहा है के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त हुआ था। जिला स्तरीय निगरानी टीम के सदस्यों में मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, खंड चिकित्सा




अधिकारी बेरला शामिल थे। नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। इसलिए त्वरित कार्यवाही करते हुए सील किया गया। लाइसेंस प्राप्त होते तक नए मरीजों की भर्ती पर रोक लगाई गई। इसके अलावा साईं बाबा हॉस्पिटल बेरला पर भी सील करने की कार्यवाही किया गया। वहां अभी कोई मरीज भर्ती नहीं थे और लगभग सप्ताह भर से बंद होने की जानकारी मिला। ग्राम लेंज्वारा में संचालित मांजरेकर क्लीनिक जो कि एलोपैथी के रूप में संचालित था जिसे भी सील किया गया।



# महानदी उफान पर होने से पेयजल सप्लाई हो रहीं है बाधित, नपाध्यक्ष कृष्णा ने जताई खेद

अधिक जल भराव के चलते निसदा डायवर्सन का खोला गया 8 गेट



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

अधिक बारिश के कारण महानदी पर स्थित निसदा डायवर्सन के 8 गेट को खोल दिए गए हैं। इसके अलावा गंदा पानी के चलते पिछले कुछ दिनों से शहर में पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र होने के साथ ही बरसात में विद्युत समस्या भी बनी हुई है।

नागरिकों को हो रही परेशानी के लिए नगर पालिका के कार्यवाहक अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर खेद जताया है। नगर पालिका परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने एक जानकारी में बताया है कि हेवी रेन फाल के कारण इन दिनों महानदी का जल स्तर बढ़ चुका है। इसके चलते निसदा डायवर्सन के 8 गेट को खोला दिया गया है। निसदा डायवर्सन के पास स्थित इंटेकबेल के मुख्य वॉल में रेत भर जाने से

### पानी स्टोर नहीं होने के कारण फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचाने में हो रही परेशानी

फिल्टर प्लांट तक पानी सप्लाई करने में खासे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चंद्राकर ने बताया कि गेट खुलने से पानी तेज बहाव से निकल रहा है। और मुख्य वॉल के पास पानी स्टोर नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा महानदी का पानी पूरी तरह से मठमैला हो गया है। चंद्राकर ने बताया कि इंटेकबेल ग्रामीण क्षेत्र में होने के साथ ही बारिश में बिजली चले जाने से भी फिल्टर प्लांट तक पानी नहीं पहुंच पाता है। कार्यवाहक अध्यक्ष चंद्राकर ने नागरिकों से खेद प्रकट करते हुए कहा किए महानदी उफान पर है, और आसपास बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। उन्होंने संभावना व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी कुछ दिनों ऐसे ही हालात बने रह सकते हैं।

परिवहन मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार

# आर्थो वेलफेयर फाउण्डेशन से निरंतर किया जा रहा निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



गत दिवस 14 जुलाई 2022 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार आर्थो वेलफेयर फाउण्डेशन कोरिया द्वारा टेंगनी चौक पटना, जिला कारिया छग में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर समस्त ट्रक चालको का नेत्र परीक्षण किया गया एवं आवश्यकता अनुसार उन्हें चश्मा वितरण किया गया। उक्त शिविर में अभी तक 153 ट्रक चालको का नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 06 बजे तक किया जा रहा हैं। शिविर में स्थानीय सरपंच इन्द्रासो, चौकी प्रभारी पंडोपारा महेश कुशवाहा, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. एसएच शैंडे, ऑप्टीशियन एमजेड अंसारी, संस्था अध्यक्ष सकील अहमद, कार्यकर्ता कु. वर्षा सिंह, कु.पुर्णिमा पूरी, रानी रवि, इकबाल अंसारी, संदीप पूसान, अनील कुर्रे सहित ट्रक चालक व आम नागरिक उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि संस्था आर्थो वेलफेयर फाउण्डेशन कोरिया द्वारा विगत 06 जुलाई 2022 से संपूर्ण कोरिया जिले के विभिन्न नेशनल हाइवे में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार कोरिया जिले में कुल 07 शिविर का आयोजन किया जाना हैं जो कि आरटीओ चेक पोस्ट घुटरीटोला मनेन्द्रगढ़, आरटीओ चेक पोस्ट चांटी जनकपुर, रतनपुर चौक खड़गवां, डुमरिया नाका पटना, टेंगनी चौक पटना, खरवत बाई पास चौक बैकुण्ठपुर, राईसमिल चैनपुर नेशनल हाइवे है। उक्त शिविर में भारी मात्रा में ट्रक चालकों को लाभ मिल रहा हैं। संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक कुल 747 ट्रक चालकों का नेत्र परीक्षण हो चुका हैं जिसमें 375 चालको को तत्काल निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जा चुका है एवं 138 ट्रक चालकों को दवाई व चश्मा लगाने की सलाह दी गई है। केन्द्र सरकार के इस अनूठी पहल से ट्रक चालक काफी प्रशन्न नजर आ रहे हैं।

## एक नजर

### 9 वर्षीय बच्चे के साथ शिक्षक ने की मारपीट परिजन पहुंचे थाने

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

विकास खंड सीतापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लिचिरमा के प्राथमिक शाला से बच्चे के साथ शिक्षक द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। जिसमें बच्चे के कान से खून बह रहा और गाल भी सूज गया।

प्राथमिक शाला लीचीरमा में पढ़ाई के दौरान तकरीबन 11 बजे के आसपास स्कूल के शिक्षक तुलसी गुप्ता के द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले एक 9 वर्षीय बच्चे से सवाल पूछने पर, जवाब नहीं दिया गया, जिस कारण शिक्षक ने बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर दी। चोट लगने के कारण बच्चे के कान के अंदर से खून निकलना चालू हो गया, साथ ही उसके गाल में सूजन भी आ गया। वही बच्चों के परिजनों से बात करने पर उन्होंने बताया कि बच्चा जवाब नहीं दे पाए जिस कारण शिक्षक ने उसकी पिटाई की है। हो सकता है कि उसको अंदरूनी चोट भी लगी हो जिस कारण हम उसका इलाज करवाना चाहते हैं साथ ही हम इस मामले में एफआई आर करने सीतापुर आए हुए हैं। हो सकता है बच्चे को अंदरूनी चोट भी लगी हो,

वहीं इस मामले में जब हमने सीतापुर के विकास खंड शिक्षा अधिकारी मिथिलेश सिंह सिंगर से बात की तो उन्होंने कहा कि प्राथमिक पाठशाला ली चिरमा में बच्चे के ऊपर शिक्षक ने हाथ उठाया है ऐसा मामला आया है। हमारे द्वारा इसकी जांच की जा रही है, साथ ही शिक्षक ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है, वस्तु स्थिति को देखते ही हमारे द्वारा यथोचित कार्रवाई की जाएगी।

### सुकमा जिले में शबरी के बाद अब मलगेर नदी उफान पर

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



गादिरास पंचायत स्थित पुल पर नदी का पानी करीब 2 फीट ऊपर बह रहा है। गादीरास पंचायत से करीब दर्जन भर गांव से सम्पर्क पूरी तरह से टूट गया है और लगातार हो रही बारिश से आगे बढ़ सकता है जलस्तर। वहीं पंचायत सरपंच व स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा फंसे हुए ग्रामीणों के लिए रहने व खान-पान की व्यवस्था की गई है। वहीं गादीरास पुलिस थाना प्रभारी द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था भी की गई हैं।

ग्रामीण झीरम पाल गांव से सुबह किसी काम से गादीरास से आया था और मलगेर नदी पुल के उपर से बहने के वजह से मेरे साथ आये साथी के साथ अपने गांव नहीं जा पा रहा हूं। हमारे द्वारा मलगेर नदी पुल के इस पार आए हुए ग्रामीणों की पंचायत स्तर द्वारा खान-पान व स्वास्थ्य मेडिकल की पुरी व्यवस्था की गई है।

### गीदम नाला के पास हुई सड़क हादसा, बाइक सहित युवक नाले में जा गिरा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



बुधवार को जिले के गीदम नाला के पास हुई सड़क हादसा, बाइक सहित युवक नाले में जा गिरा, देर रात की घटना सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, छानबीन करके युवक का शव किया गया बरामद गीदम नाला के पास अंधा मोड़ हैं और रात भर बारिश जारी थी जिससे अंदेशा हैं कि यह घटना का मुख्य कारण रहा मृतक का नाम कुलदीप सोढ़ी, सोढ़ी पारा सुकमा में एक्सिस बैंक में सुरक्षा गार्ड के पद पर था तैनात।

### गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य मे गुरुजनों का हुआ सम्मान

**नगरी** ।समीपस्थ ग्राम छिपली में गुरू पुर्णिमा के अवसर पर ग्राम के तीनो शालाओं के शिक्षक शिक्षिकाओं का पेन डायरी चंदन बंदन और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। जहां ग्राम पटेल मनहरण साहू ने छात्र छात्राओं को गुरु पुर्णिमा के बारे में जानकारी दिए तथा शिक्षकों को बच्चों के प्रति उत्तरदायित्व को बताया ।

इस अवसर पर सरपंच संत नेताम, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष त्रिभुवन बिसेन, शाला समिति के पूर्व अध्यक्ष हृदय साहू, अविनाशी अध्यक्ष दानेश्वर पोटाई, उपाध्यक्ष दुलेश्वर नवरंग, अनूप देव, मोरध्वज साहू, शिक्षक गण उमेश सोम, टिकेश साहू, हरिशंकर कुर्रे, इंदिरा बनपेला, हेमपुष्पा साहू, जागेश्वरी नेताम, केशरी कश्यप, उर्वशी काशी, साधना कश्यप, पूनम गायकवाड़ एवं स्कूली छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक पर और कड़ाई से होगी कार्रवाई - आयुक्त

**भिलाई** ।निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन कर दिया है तथा नोडल अधिकारी भी उन्होंने नियुक्ति कर दिया है। टीम में 15 अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया है जिसके नोडल अधिकारी अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं सहायक नोडल अधिकारी उपायुक्त रामाकांत साहू होंगे। नोडल अधिकारी ने इस संबंध में अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक ली और बैठक में प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए इसके साथ ही रोका छेका संकल्प अभियान के तहत आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए भी दल का गठन किया गया है इस दल में भी 15 अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मिलित किया गया है। दल नियमित रूप से आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई करेगी। इसका आदेश भी निगमायुक्त ने जारी कर दिया है। प्रतिबंधित प्लास्टिक पर लगाम लगाने के लिए गठित दल के साथ तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी एवं दल के कर्मचारी तथा सुरक्षा गार्ड भी होंगे जो करवाई के लिए टीम को सहयोग प्रदान करेंगे। प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई के लिए गठित टीम में परमेश्वर चंद्राकर, कमलेश द्विवेदी, जगदीश तिवारी, अनिल मिश्रा, अंजनी सिंह, मलखान सिंह सोरी, सुदामा परघनिया, वीरेंद्र बंजारे, बालकृष्ण नायडू, महेश कुमार पांडे, अनिल मिश्रा, वीके सैमुअल एवं हेमंत मांझी सम्मिलित है। उल्लेखनीय है कि 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक को बनाने आयात, निर्यात और बिक्री पर पूरी तरीके से पाबंदी लगा दी गई है।



# चौकस रहने से मुझे व्यापार के ट्रिक्स सीखने में मदद मिली: आयुषी शर्मा

आगामी वेब फिल्म जादुगर में महिला नायक की भूमिका निभा रही अभिनेत्री आयुषी शर्मा ने कहा कि, चूंकि वह एक आकस्मिक अभिनेत्री हैं और उनके पास औपचारिक प्रशिक्षण नहीं है, इसलिए चौकस रहने से उन्हें काम पर सीखने में मदद मिली।

एक उच्च शिक्षित परिवार से आने वाली, जहां उनके माता-पिता दोनों वकील हैं, आयुषी साझा करती है कि, औपचारिक रूप से प्रशिक्षित नहीं होना उसके लिए एक प्रारंभिक संघर्ष था। अपने इंजीनियरिंग कॉलेज के दिनों में एक ऑडिशन के माध्यम से संयोग से फिल्म उद्योग में प्रवेश करने वाली आयुषी ने आईएएनएस को बताया, मैंने हमेशा औपचारिक शिक्षा की शक्ति को महत्व दिया है। मेरे पास वह मानसिकता है। लेकिन मैंने कभी अभिनेता बनने की योजना नहीं बनाई। मैं एक इंजीनियरिंग छात्र थी, सूचना प्रौद्योगिकी का अध्ययन कर रही थी। इसलिए हां, शुरू में फिल्मांकन की प्रक्रिया, कैमरे के सामने अभिनय करना और पूरे चरित्र को संपादित करने के बाद कैसे जीवन में आता है, यह एक आकर्षक अनुभव था। मेरा फिल्म सेट मेरा फिल्म स्कूल बन गया।

लेकिन मेरा यह भी मानना है कि, अगर औपचारिक रूप से प्रशिक्षित नहीं है, तो किसी भी कौशल को सीखने के लिए एक बहुत ही चौकस व्यक्ति होना चाहिए।

# निगेटिव किरदार निभाने में काफी जोखिम उठाना पड़ता है : अहाना कुमरा

उग्रवाद विरोधी एक्शन ड्रामा 'अवरोध 2' में एक प्रतिपक्षी की भूमिका निभाने वाली अहाना कुमरा का कहना है कि नकारात्मक भूमिका निभाने में काफी जोखिम उठाना पड़ता है क्योंकि दर्शक या तो चरित्र को प्यार करते हैं या सिर्फ नफरत करते हैं।



शो में वह एक अंडरकवर एजेंट की भूमिका निभाती है जो देश में नकली नोटों को पकड़ाकर वित्तीय आतंकवाद को उजागर करता है। यह पहली बार है जब 'लिपस्टिक अंडर माई बुर्का' में पहली बार ध्यान आकर्षित करने वाली अभिनेत्री नकारात्मक भूमिका निभा रही हैं। अहाना ने बताया, नकारात्मक किरदार निभाना जोखिम भरा है क्योंकि लोग इस किरदार से पूरी तरह नफरत कर सकते हैं या बैकस्टोरी जानने के बाद, उससे प्यार करना शुरू कर सकते हैं या चरित्र के प्रति सहानुभूति दिखा सकते हैं। जबकि शो में अभिनेत्री के पास कोई एक्शन सीन नहीं है, उसने कहा, मेरे पास बहुत सारे दृश्य हैं जहां मेरा कोई सह-अभिनेता नहीं है। स्टार की अपनी चुनौतियां हैं। इसलिए कुल मिलाकर यह मेरे लिए काफी अनूठा अनुभव था। अहाना को रंगबाज, बॉम्बर्स, बेताल और फॉरबिडन लव जैसी वेब सीरीज और लिपस्टिक अंडर माई बुर्का, योर्स ट्रूली और खुदा हाफिज जैसी फिल्मों में दमदार परफॉर्मेंस देने के लिए जाना जाता है। वह अब एक आगामी वेब सीरीज की शूटिंग कर रही हैं और उन्होंने अनुभवी फिल्म निर्माता और अभिनेत्री रेवती की अगली फिल्म 'सलाम वेंकी' के लिए अपना शेड्यूल पूरा कर लिया है, जिसमें काजोल भी हैं।

# श्रिया पिलगांवकर ने पूरी की ताजा खबर की शूटिंग

अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने कॉमेडी-ड्रामा ताजा खबर की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें भुवन बम, जेडी चक्रवर्ती, देवेन भोजानी, प्रथमेश परब, नित्या माथुर और शिल्पा शुक्ला भी हैं।




श्रिया आगामी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज में एक सेक्स वर्कर की भूमिका में नजर आएंगी।

शो के समापन पर, श्रिया कहती हैं, ताजा खबर की शूटिंग एक बहुत ही मजेदार अनुभव रहा है। मुझे कॉमेडी - ड्रामा पसंद है और यह एक ऐसा जॉनर है जिसे मैंने वास्तव में नहीं किया है। मैं एक सेक्स वर्कर की भूमिका निभाती हूं। मैंने जो किया है, उससे मेरा चरित्र और लुक पूरी तरह से अलग है, जिसने इस प्रक्रिया को और भी अधिक संपूर्ण बना दिया है। मुझे भुवन और इस पूरी कास्ट और क्रू के साथ काम करना पसंद है, जो बहुत प्रतिभाशाली और मेहनती हैं।

# मिर्ज़ापुर 3 के लिए कुश्ती की ट्रेनिंग ले रहे है अली फज़ल



अली फज़ल ने अपने अभिनय से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पे धूम मचाई है और सबसे प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स में से एक मिर्ज़ापुर का किरदार गुड्डू भैया है। जैसे ही पूरी कास्ट और क्रू ने बहुप्रतीक्षित तीसरे सीज़न की शूटिंग शुरू करने की तैयारी शुरू की, अली फज़ल अपने किरदार को स्क्रीन पर वापस लाने के लिए अपनी तैयारी में व्यस्त हो गए। तोह इस  इस बार क्या अलग देखने को मिलेगा? जिस स्तर का एक्शन और उसके लिए तैयारी करने की तकनीक पिछले दो सीज़न से बिलकुल अलग होगा। अभिनेता ने अपने रोल के लिए हाथ से हाथ का मुकाबला करने के तरीकों को लागू करने के लिए कुश्ती की मूल बातें सीखने की विधि को अपनाया है। शो में हमेशा एक्शन होता है, लेकिन इस बार की स्क्रिप्ट इसकी बहुत अधिक मांग करती है। अपनी भूमिका के लिए अपने स्टंट और एक्शन खुद करना चाहते हैं, अली इस समय और इस तैयारी का उपयोग शो में उन दृश्यों पर लागू करने के लिए करना चाहते हैं। एक सूत्र के अनुसार, अली फज़ल फिलहाल एक्शन सीन के लिए तैयारी कर रहे हैं जो इस आगामी सीज़न की स्क्रिप्ट का हिस्सा हैं। ट्रेनिंग फिलहाल जारी है और वह शूटिंग शुरू होने से पहले कुछ हफ्तों से ऐसा कर रहे हैं। अली इस भूमिका के लिए अपना पूरा वक्त दे रहे हैं और इसके लिए पहले से ही बुनियादी कुश्ती सबक लेना शुरू कर दिया है। आपको बता दे उन्होंने ट्रेनिंग के साथ साथ मिर्ज़ापुर 3 की शूटिंग भी शुरू कर दी है जो फिलहाल मुंबई में हो रही है अली फज़ल को हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मर्डर मिस्ट्री, डेथ ऑन द नाइल में देखा गया था और जल्द ही वह तब्बू के साथ विशाल भारद्वाज की खुफ़िया और जेरार्ड बटलर के साथ एक और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म, कंधार में नज़र आएंगे।



# घर से बाहर लगातार तीसरी सीरीज जीता बांग्लादेश

**वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में नौ विकेट से हराया, जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका को भी हराया था**

प्लेयर ऑफ द मैच नसुम अहमद (3/19) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज पर 9 विकेट की जीत हासिल की है। इस जीत से उसने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।



इसके साथ ही बांग्लादेश ने अपने घर से बाहर लगातार तीसरी सीरीज अपने नाम की है। इससे पहले उसने जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका को उनके घर में हराया था।

बांग्लादेश ने पहले तो वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को 108 रनों पर समेटा और उसके बाद जीत के लिए जरूरी रन 20.4 ओवर में बना डाले।

## 35 ओवर में आउट हो गई कैरेबियाई टीम

गुयाना में बुधवार रात को बांग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। बांग्लादेशी गेंदबाजों ने उनके इस फैसले को सही साबित कर दिया। यहां प्रोविडेंस स्टेडियम की पिच पर बांग्लादेशी गेंदबाजों के सामने कैरेबियाई बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे।

वेस्टइंडीज की पूरी टीम महज 35 ओवर ही खेल सकी। उसके 5 बल्लेबाजों ने दहाई का आंकड़ा पार किया, लेकिन कोई भी 25 रन से ज्यादा स्कोर नहीं कर सका। कीमो पॉल ने सबसे ज्यादा 25 रन बनाए। साई होप ने 18 रन और काइल मेयर्स ने 17 रन जोड़े। मेहिदी हसन ने 4 विकेट चटकाए, जबकि नसुम अहमद को 3 विकेट मिले।

## 3 बल्लेबाजों ने बना डाले जरूरी रन

*109 रनों का लक्ष्य बांग्लादेश के तीन बल्लेबाजों ने मिलकर हासिल कर लिया। तमीम इकबाल और नजमुल हसन ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इस ओपनिंग जोड़ी ने 48 रनों की पार्टनरशिप की। इसमें कप्तान तमीम इकबाल ने 18 रनों का योगदान दिया, जबकि नजमुल हसन ने 20 रन बनाए। नजमुल के आउट होने के बाद कप्तान ने लिटन दास (32) के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी करते हुए टीम को विजयश्री दिला दी। तमीम इकबाल (50*) ने अपना अर्धशतक भी पूरा किया।*

# उलटफेर का शिकार हुए श्रीकांत, सिंधु दूसरे दौर में

-सिंगापुर ओपन में 77वें रैंक खिलाड़ी ने हराया, सिंधु ने 36वीं रैंक से जीतीं




भारतीय शटलर्स ने सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मिलीजुली शुरुआत की है। 12 से 17 जुलाई के बीच खेली जा रहे इस टूर्नामेंट में पीवी सिंधु, साइना नेहवाल, एचएस प्रणय ने जीत से शुरुआत की है। जबकि किदांबी श्रीकांत को पहले की दौर में उलटफेर का शिकार होना पड़ा है। पी कश्यप भी हार गए। पहले दौर में बुधवार को पीवी सिंधु, मिथुन मंजूनाथ और अस्मिता ने जीत दर्ज की। दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत को अप्रैल महीने में ओरलियांस मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाले भारत के मंजूनाथ ने एक घंटे में 21-17, 15-21, 21-18 से हराया। दुनिया के 77वें नंबर के खिलाड़ी मंजूनाथ अगले दौर में आयरलैंड के एनहाट एनगुएन से भिड़ेंगे।

## एक नजर

# मोहम्मद शमी ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड

वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने, अगरकर को पीछे छोड़ा




**ओवल।** भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल में खेले गए 3 वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। शमी इंग्लैंड के तीन खिलाड़ियों को आउट करने के साथ ही सबसे कम मैचों में 150 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने अजीत अगरकर का रिकॉर्ड को तोड़ा है। शमी ने 80 मैचों में 150 विकेट पूरे किए, जबकि अगरकर ने यह उपलब्धि 97 वनडे मैचों में हासिल की थी।

## शमी ने बटलर, स्टोक्स और क्रेग ओवरटन का लिया विकेट

ओवल में मोहम्मद शमी का जलवा रहा। उन्होंने 7 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी के दूसरे ओवर में बेन स्टोक्स को पवेलियन की राह दिखा कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। स्टोक्स एक गेंद का सामना कर बिना कोई रन बनाए ही लौट गए। उनका कैच विकेट के पीछे पंत ने पकड़ा। वहीं शमी ने दूसरा विकेट जोस बटलर का उस समय लिया, जब बटलर इंग्लैंड को सम्माजनक स्कोर तक पहुंचाने की राह पर चल पड़े थे। बटलर ने 32 गेंदों का सामना कर 30 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके भी जड़े। वहीं शमी ने तीसरा विकेट क्रेग ओवरटन का लेकर अपना वनडे में 151वां विकेट पूरा किया। ओवरटन ने 7 गेंदों सामना कर 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके भी जड़े।

# महिला यूरो 2022- स्पेन को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा जर्मनी

**ब्रेंटफोर्ड ।** जर्मनी ने ब्रेंटफोर्ड कम्युनिटी स्टेडियम में खेले गए अपने ग्रुप बी मैच में स्पेन को 2-0 से हराकर महिला यूरो 2022 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जर्मनी अपने ग्रुप में शीर्ष पर है। जर्मनी ने मैच में आक्रामक शुरूआत की। मैच के तीसरे ही मिनट में कियारा बुहल ने गोल कर जर्मनी को 1-0 से आगे कर दिया। मैच के 36वें मिनट में, एलेक्जेंड्रा पोप ने गोल कर जर्मनी को 2-0 से आगे कर दिया और यही स्कोर अंत में निर्णायक साबित हुआ। स्पेन अब दूसरे क्वार्टरफाइनल स्लॉट के लिए शनिवार को डेनमार्क से भिड़ेगा। विजेता टीम का सामना बाद में इंग्लैंड से होगा। वहीं, जर्मनी अपने ग्रुप चरण के अंतिम मैच में शनिवार को फिनलैंड से भिड़ेगा। फिनलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो चुका है। जर्मनी 21 जुलाई को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ग्रुप ए के उपविजेता से भिड़ेगा। दूसरी ओर, डेनमार्क ने एमके स्टेडियम में अपने ग्रुप बी मैच में फिनलैंड को 1-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

खराब फॉर्म के बावजूद कोहली का दबदबा

# 2020 के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के टॉप-10 बल्लेबाजों में शामिल, रोहित-पंत से भी ऊपर

पिछले एक दशक से वर्ल्ड क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचाने वाले विराट कोहली को आज टीम से बाहर करने की मांग हो रही है। सोशल मीडिया यूजर्स से लेकर क्रिकेट के कई दिग्गजों को लगता है कि किंग कोहली का दौर खत्म हो चुका है। टीम इंडिया उन्हें बस ढोए जा रही है। जिस खिलाड़ी ने भारतीय फैंस को जीत की खुशी मनाने के कई मौके दिए, आज वही उसके पीछे पड़े हुए हैं, लेकिन क्या वाकई कोहली इतना खराब खेल रहे हैं कि उन्हें टीम से बाहर कर देना चाहिए? क्या सच में कोहली का दौर खत्म हो गया है? अगर आंकड़ों की बात करें तो ऐसा नहीं है। कोहली आज भी




टीम इंडिया के बेस्ट बल्लेबाज हैं। विराट ने 2020 के बाद तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। टी-20 में उनके बल्ले से 663 रन, वनडे में 702 और टेस्ट मैचों में 767 रन निकले हैं। तीनों फॉर्मेट को मिला दें तो विराट के 2237 रन हैं। ये 2020 के बाद किसी भी भारतीय बल्लेबाज के सबसे ज्यादा रन हैं। उनके बाद ऋषभ पंत ने 2213 और रोहित शर्मा ने 2039 रन बनाए हैं। विराट ने ये रन 60 मैचों की 71 पारियों में बनाए हैं। रोहित ने 47 मैचों की 58 पारियों जबकि पंत ने 54 मैचों की 64 पारियों में बनाए हैं।

# इंग्लैंड को हराकर टॉप-3 में भारत

**टीम इंडिया टी-20, वनडे और टेस्ट के टॉप-3 में शामिल इकलौती टीम है, पाक को पछाड़ा**

टीम इंडिया को वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को दस विकेट से हराने का इनाम मिला है। वह बुधवार को जारी द्विष्टष्ट वनडे रैंकिंग में टॉप-3 में पहुंच गई है। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को पीछे धकेला। भारतीय टीम क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (टी-20, वनडे और टेस्ट) में टॉप-3 में काबिज इकलौती टीम है। टीम इंडिया ने मंगलवार रात द ओवल में तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड पर दस विकेट की जीत हासिल की थी। उसने पहली बार वनडे में इंग्लैंड को उसके ही घर में दस विकेट से हराया है।




इस जीत से भारत को 3 रेटिंग प्वाइंट का फायदा हुआ। मैच से पहले भारत 105 अंकों के साथ चौथे स्थान पर था। मैच जीतने के बाद भारतीय टीम ने 108 रेटिंग अंक हासिल कर लिए। जिससे पाकिस्तान (106) 2 अंक से पीछे रह गया। 48 साल बाद टीम इंडिया ने रचा इतिहास-पहली बार इंग्लैंड को 10 विकेट से हराया, बुमराह ने झटके 6 विकेट; रोहित-धवन बल्ले से चमके न्यूजीलैंड की टीम 126 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर कायम है। जबकि इंग्लैंड 122 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत की जीत के हीरो गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी रहे, जिन्होंने क्रमश: छह और तीन विकेट अपने नाम किए, जबकि बल्लेबाजी में रोहित शर्मा ने कमाल किया। इंग्लैंड की टीम 110 रन पर ढेर हो गई थी। ये वही इंग्लैंड की टीम थी, जिसने एक मैच पहले 498 रन बनाने का कमाल किया था।

# कलयुगी बेटे ने मामूली विवाद को लेकर मां को ईंट मारकर की हत्या

## हत्या के अपराध में लैलूंगा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजे रिमांड पर

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटेल एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर 14 जुलाई 2022 को थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम द्वारा हत्या के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



कलयुगी बेटे ने मामूली विवाद पर अपनी वृद्ध मां के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दिया है। घटना के संबंध में मृतिका बुंदेली सारथी पति स्व. शिव प्रसाद सारथी उम्र 60 वर्ष निवासी बनकेला थाना लैलूंगा के चचेरे भाई युद्धिष्ठर सारथी पिता आत्माराम सारथी उम्र 54 वर्ष निवी ग्राम भालूमुड़ा, तमनार 13 जुलाई 2022 को थाना लैलूंगा में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता मृतिका का चचेरा भाई युद्धिष्ठर सारथी बताया कि बुंदेली बाई सारथी के पति शिवप्रसाद का करीब 20 साल पहले मृत्यु हो चुका है । दीदी बुंदेली बाई सारथी और भांजा कोमल सारथी दोनों साथ में रहते थे।

कोमल सारथी काफी दिनों से बाहर रहता था जो बाराद्वार की लड़की को पत्नी बनाकर ग्राम बनकेला अपनी मां के साथ रखा था। मंगलवार 12 जुलाई 2022 के शाम कोमल उसकी मां बुंदेली बाई को झगड़ा मारपीट कर ईट से गंभीर चोट पहुंचाया जिसे डायल 112 गाड़ी को फोन कर ईलाज के लिए लैलूंगा अस्पताल ले गये थे। देर रात बुंदेली बाई सारथी का मृत्यु हो गया। थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा आरोपी पर हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी कोमल सारथी पूछताछ में बताया कि घर के बाहर कई दिनों से रहने के कारण मां नाराज थी। घटना की रात को बल्ब जलाने के लिये तार से बल्ब जलाया था जिसे मां निकाल दी इसी बात पर झगड़ा विवाद हुआ। मारपीट, धक्का.मुक्की में मां के सिर पर चोट आया जिससे वह बेहोश हो गई थी। आरोपी के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त ईट जप्त कर आरोपी को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, आरक्षक जॉन टोप्पो की अहम भूमिका रही है।

## एक नजर

पहले ब्लेड से काटा गला फिर फांसी में झूलने जा रहा था युवक

### मौके पर सरकंडा की पेट्रोलिंग टीम और डायल 112 की तत्परता से बची जान



**बिलासपुर ।** सरकंडा क्षेत्र में रहने वाला युवक फांसी का फंदा लगाकर झूल गया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस की पैट्रोलिंग और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। जवानों ने दरवाजा तोड़कर उसे फांसी के फंदे से उतारा। इससे उसकी जान बच सकी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक ने फांसी लगाने से पहले अपने गले पर ब्लेड भी चलाया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सरकंडा के बंधवापारा निवासी अमन श्रीवास पिता अशोक का मंगलवार की देर शाम अपनी पत्नी से झगड़ा हो गया। विवाद के बाद उसने खुद पर ब्लेड चला लिया और आत्महत्या की धमकी देते हुए खुद को कमरे में बंद कर लिया। इससे उसकी पत्नी व स्वजन डर गए और इसकी सूचना तुरंत 112 को दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा खुलवाने की कोशिश की। युवक ने दरवाजा नहीं खोला। इस बीच उन्होंने तुरंत सरकंडा थाने की पैट्रोलिंग पार्टी को इसकी सूचना दी। पैट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और दरवाजे को तोड़ दिया। कमरे में युवक फांसी के फंदे पर लटक रहा था। जवानों ने फंदा काटकर उसे नीचे उतारा। इस दौरान उसकी सांसे चल रही थी, जिसे तुरंत सिम्स में भर्ती कराया गया।

### युवा पत्रकार ने अपने जन्मदिन पर ग्राम भिलाई के सियान सदन में बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

**गरियाबंद ।** आज के समय मे अपने परिवार और मित्रों के साथ खुशी तो सब मनाते है ,लेकिन नगर का युवा पत्रकार जो अपनी जन्मदिन ऐसा जगह मनाया जहां रहने वाले बुजुर्ग महिला और पुरुषों का कोई नही है ये है भी तो उनके परिवार वाले उन्हें घर से बेघर कर दिए है ,जहा वे अपने परिवार से दूर तो है लेकिन सुकून की जिंदगी जी रहे है ।ऐसा ही स्थान है जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर ग्राम भिलाई में सियान सेवा सदन जहा 20 से 25 ऐसे बुजुर्ग महिला पुरुष है जिन्हें उनके परिजन घर से निकाल दिए है ये वे अपने परिवार वालो के साथ रहना नही चाहते ,लेकिन वे सब यहां रहकर खुशी खुशी जिंदगी ब्यतीत कर रहे है ।उन सब के बीच नगर का युवा पत्रकार विजय सिंहा जो हमेशा ऐसे असहाय लोगो की मदद के लिए उत्सुक रहते है।

### संसदीय सचिव निषाद ने मृतक रियांश के पिता को प्रदान किया आर्थिक सहायता राशि का चेक

**बालोद ।** संसदीय सचिव व गुण्डरदेही विधायक श्री कुंवर सिंह निषाद ने आज मृतक रियांश यादव के पिता लेखराम को आर्थिक सहायता राशि 04 लाख रूपए का चेक प्रदान किया। एस.डी.एम. गुण्डरदेही श्रीमती प्रेमलता चंदेल ने बताया कि नगर पंचायत अर्जुन्दा के वार्ड क्रमांक 01 भाटापारा निवासी लेखराम आ. मदन लाल के पुत्र रियांश यादव उम्र डेढ़ वर्ष का अर्जुन्दा नहर नाली पानी में डूबकर 13 जुलाई 2022 को मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने उक्त मामले की जानकरी मिलने पर तत्काल संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही को आर.बी.सी. 6-4 के तहत् सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए।

### जिले में 1 से 13 अगस्त तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन

**गरियाबंद ।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 1 से 13 अगस्त 2022 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जायेगा। उक्त आयोजन कोविड-19 के सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए शासन के मार्गदर्शी निर्देश के परिपालन में प्रत्येक दिवस न्यूनतम 3 से 5 आंगनबाड़ी में आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर प्रभात मलिक ने उक्त आयोजन के द्वारा बच्चों के जन्म तिथि,उम्र,ऊंचाई,वजन इत्यादि के सत्यापन हेतु जिला स्तरीय दल गठित किया है। उक्त दल में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अशोक कुमार पाण्डेय,उप संचालक समाज कल्याण दोनर प्रसाद ठाकुर,परियोजना अधिकारी आईसीडीएस चन्द्रहास साहू और चन्दू साहू शामिल है।

# जिले में बड़ी संख्या में युवाओं को मिल रहा नि:शुल्क शरीरिक दक्षता प्रशिक्षण

## कलेक्टर ने निरीक्षण कर प्रशिक्षण गतिविधियों का लिया जायजा



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज प्रात: प्रशिक्षण केंद्र शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शरीरिक महाविद्यालय पेंड्रा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकरकला और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर का निरीक्षण कर प्रशिक्षण गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा भारत सरकार की अग्निवीर योजना के तहत सेना में होने वाली भर्ती और पुलिस विभाग के वर्दीधारी विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 16 से 23 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियों को शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशकों (पीटीआई) के द्वारा शारीरिक दक्षता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिले में 11 विभिन्न केन्द्रों में विगत 23 जून से सुबह 6 से 9 बजे तक दिया जा रहा है। प्रशिक्षण आगामी 23 सितम्बर तक चलेगा।

कलेक्टर ने प्रशिक्षण ले रहे युवक-युवतियों के लिए चना-गुड़ का नाश्ता एवं पेय जल की व्यवस्था करने तथा मैदान में युवक-युवतियों के लिए अलग-अलग शौचालय के साथ ही साफ सफाई एवं चिकित्सा सुविधा के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण के हिसाब से टीकरकला स्कूल मैदान छोटा पड़ने के कारण प्रशिक्षण की व्यवस्था गुरुकुल खेल मैदान में कराने को कहा। कलेक्टर ने लालपुर प्रशिक्षण केंद्र में वरिष्ठ और अनुभवी शिक्षक को प्रशिक्षण प्रभारी बनाने तथा प्रशिक्षण हेतु युवकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण प्रशिक्षण के लिये नियुक्त नोडल अधिकारी (संयुक्त कलेक्टर) श्री आनंद रूप तिवारी, जिला परिवहन अधिकारी श्री विवेक सिन्हा, जिला खेल अधिकारी सुश्री सीमा डेविड, विकास खंड शिक्षा अधिकारी पेंड्रा श्री एस एन साहू एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी गौरेला श्री संजय वर्मा उपस्थित थे।

# रोका छेका अभियान में पशु चिकित्सा शिविर का किया जा रहा है आयोजन



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में खरीफ फसलों की सुरक्षा हेतु 10 जुलाई 2022 से जिले में रोका-छेका अभियान की शुरूआत की गई है। इस दौरान फसल को चराई से बचाने हेतु पशुओं को नियमित रूप से गौठान में लाने हेतु सभी ग्राम पंचायतों में मुनादी कराई जा रही है। जिससे किसानों के फसलों की सुरक्षा हो सके। पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक ने बताया कि रोका छका अभियान के दौरान जिले के गौठानों में पशु चिकित्सा शिविर आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर जनपद के बाम्हनपुरा, जुरतेला, पत्थलगांव के मिर्जापुर गौठान में शिविर का आयोजन कर पशुओं के स्वास्थ्य की जांच, पशु में नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान कार्य, टीकाकरण करने के साथ ही किसानों को नि:शुल्क दवाईयां का भी वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रोका छेका अभियान के दौरान किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान कर योजना का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। जिससे वे शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर अपने आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत कर सके।

# जिले के 29 युवक-युवतियों का सिक्युरिटी गार्ड

## सेविंग मशीन आपरेटर, प्लास्टिक मशीन आपरेटर के पद पर हुआ चयन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिला प्रशासन द्वारा जिले में बेरोजगार युवक युवतियों रोजगार उपलब्ध कराने निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत 24 जून 2022 को जिला कौशल विकास प्राधिकरण जशपुर द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेला में विभिन्न नियोक्ता कम्पनियों द्वारा रिक्तियां आमंत्रित की गई थी। जिससे जिले के युवक युवतियों को रोजगार प्राप्त हो सके। रोजगार मेले में 380 युवक युवतियों ने भाग लिया। नियोक्ता कंपनी द्वारा इसका लाभ उठाते हुए जिले के कई युवाओं का चयन विभिन्न पदों के लिए गया है। इसी कड़ी में आज 29 युवक




व युवतियों को सिक्युरिटी गार्डए सेविंग मशीन ऑपरेटरए प्लास्टिक मशीन ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति मिली है। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक प्रकाश यादव ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला रोजगार कार्यालय के समन्वय से बेरोजगार युवक युवतियों को विभिन्न टेड्ढ में प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से रोजागर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में अविनाश इन्टरप्राईसेस प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा सिक्युरिटी गार्ड, होम केयर, नर्सिंग स्टाफ , कस्टमर सेल्स एक्सीक्यूटिव, प्लास्टिक मशीन आपरेटर एवं सेविंग मशीन आपरेटर के पदों पर नियोजन हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई थी। जिसमें चयनित 29 युवक-युवतियों को 1 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया गया।

उक्त कैम्प में सिक्युरिटी गार्ड के पद पर 14 पुरुष हितग्राहियों का चयन किया गया है। जिसमें पारडोस सिक्युरिटी एण्ड कंसल्टेंसी प्राईवेट लिमिटेड रायपुर में चयनित अभ्यर्थियों को आवासीय सुविधा के साथ 10




हजार रुपए प्रतिमाह एवं रिलायबल सर्विस प्रोवाइडर कंपनी रायपुर द्वारा आवासीय सुविधा के साथ 8500 रुपए वेतन प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार केपीआर सुगर एंड अपैरल प्राईवेट लिमिटेड में सेविंग मशीन आपरेटर के पद पर 8 महिला हितग्राहियों का चयन किया गया है। जिन्हें आवासीय सुविधा के साथ ही 8500 रुपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा। साथ ही सिमरन प्राइवेट रायपुर में 4 युवती एवं 3 युवकों को प्लास्टिक मशीन ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति मिली है। जिन्हें भी आवासीय सुविधा के साथ ही प्रतिमाह 10 हजार 500 रुपए वेतन दी जाएगी।

# खाद दुकानों पर कृषि विभाग कार्रवाई

## अनियमितता पाए जाने पर तीन सप्ताह के लिए तीन दुकानें निलंबित



**बिलासपुर ।** जिले में कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने तखतपुर एवं मस्तूरी विकासखण्ड में खाद दुकानों पर छापामार शैली में निरीक्षण किया। निरीक्षण में अनियमितता पाये जाने पर तीन दुकानों का लाइसेंस तीन सप्ताह के लिए निलंबित करते हुए इस अवधि में खाद विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। निलंबन की कार्रवाई बिल्हा विकासखण्ड के सेलर गांव के पिन्टू कृषि केंद्र तथा तखतपुर विकासखण्ड अंतर्गत सकरी के ओमप्रकाश अग्रवाल और बेलपान के देवनारायण साहू के फर्मों के खिलाफ की गई है। यह कार्रवाई कृषि विभाग के उप संचालक श्री पी.डी.हथेश्वर के नेतृत्व में सहायक संचालक श्री शशांक शिन्दे, श्री आशुतोष श्रीवास्तव, कृषि विस्तार अधिकारी श्री आर.एस.गौतम ने की है।

उल्लेखनीय है कि बारिश के मौसम को देखते हुए किसानों द्वारा खेतों में बुआई का कार्य चल रहा है। किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद मिले यह सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद बिक्री केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि किसानों को सुविधाजनक तरीके से पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति हो सके।

# वर्तमान में कुनकुरी, तपकरा, लवाकेरा मार्ग में डब्ल्यूएमएम पेंच का किया जा रहा कार्य

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुनकुरीए तपकरा से लवाकेरा मार्ग के कार्य प्रगति का कार्योदश 28 अक्टूबर 2021 एवं कार्य की समयावधि 27 अक्टूबर 2023 के संबंध में कलेक्टर श्री रितेश कुमार अग्रवाल द्वारा विगत 08 जुलाई 2022 को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में मार्गों के रख.रखाव एवं चल रहे कार्यों के संबंध में ठेकेदार एवं लोक निर्माण विभाग संभाग जशपुर व पत्थलगांव के अधिकरियों का बैठक लिया गया। बैठक में फोन के माध्यम से कलेक्टर एवं मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग अंबिकापुर से कार्य की प्रगति एवं जीएसबी डब्ल्यू एमएम मटेरियल के गुणवत्ता के संबंध में चर्चा हुई।



ठेकेदार को वर्क प्लान प्रस्तुत करते हुये कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल के निर्देश पर उपयोग में लाये जा रहे जीएसबी डब्ल्यूएमएम का पुन: परीक्षण कराया गया जिसका टेस्ट रिपोर्ट सही पाया गया है। मटेरियल की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये गिट्टी खदान बदलने के लिये निर्देश दिये गये। नए खदान के गिट्टी का टेस्ट रिपोर्ट पहले खदान के गिट्टी की अपेक्षा अधिक गुणवत्ता पूर्ण है। कार्य में तेजी लाने हेतु ठेकेदार द्वारा सलियाटोली कुनकुरी में डब्ल्यूएमएम हॉट मिक्स प्लांट, प्रयोगशाला एवं तपकरा में बैचिंग प्लांट स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि कुनकुरी, तपकरा से लवाकेरा मार्ग में किलोमीटर 41/2 से 56/6 के अतिरिक्त शेष किलोमीटर सीजीआरआईडीसीएल योजनांतर्गत स्वीकृत है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

मार्ग में कुल 15 पुलिया में 9 एचण्पी कलवर्ट पूरा किया गया है। साथ ही किलोमीटर 43/8 एवं 48/6 में 2 नग पुलिया का स्लैब कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिनके परिवर्तित मार्ग में जीएसबी मटेरियल डाला गया है। वर्तमान में मार्ग की स्थिति संतोष जनक है। साथ ही मार्गों में डब्ल्यूएमएम पेंच का कार्य प्रगति पर है। शेष 4 पुलिया प्रगति पर है। मार्ग में जीएसबी का कार्य 8 किमी में किया गया है। साथ ही ठेकेदार को कुछ जगहों में गुणवत्ता में सुधार करते हुये कार्य में समानुपातिक प्रगति लाने के निर्देश दिये है।

समानुपातिक प्रगति नही लाने पर अनुबंध निरस्त किया जाएगा। इसी प्रकार ईई लोक निर्माण विभाग पत्थलगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार बागबहार कोतबा मार्ग की कुल लंबाई 13/20 किलोमीटर है। जिसमें किलोमीटर 7/6 से 11/2 के बीच के सड़क का आंशिक भाग क्षतिग्रस्त हुआ है। जिसका डब्ल्यूण्एमण्एमण् पैच कार्य करा दिया गया है। वर्तमान में उक्त मार्ग पर भी कोई परेशानी नहीं है। यह राजमार्ग होने के कारण वाहनों का आवागमन अधिक रहता है। अत: बरसात के मौसम में आवागमन में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने देने के लिये ठेकेदार को निर्देशित किया गया है।

# 300 से अधिक केंद्रों में मुफ्त में लगेगा कोविड टीके का बूस्टर डोज

## 18-59 आयुवर्ग के 10.50 लाख लोगों लगना है बूस्टर डोज

जोहार छततीसगढ़–रायगढ़।

सरकार ने कोरोना वायरस की प्रिकाशन बूस्टर डोज को 18 आयुवर्ग वालों को मुफ्त में देने की घोषणा की है और अब यह सुविधा जिले में भी लागू होने जा रही है। विदित हो कि कोरोना संक्रमण अभी खत्म नहीं हुआ है, इस बीच सरकार का यह फैसला काफ ी अहम माना जा रहा है। मुफ्त बूस्टर डोज की व्यवस्था 15 जुलाई से 30 सितंबर तक ही की गई है। एक समय जिले में कोविड संक्रमितों की संख्या शून्य हो गई थी लेकिन 13 जुलाई तक जिले में कोविड संक्रमितों की संख्या 67 तक पहुंच गई है। ऐसे में बूस्टर डोज काफी प्रभावी होगा। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बूस्टर डोज लगाया जाएगा। 15 जुलाई के लिए जिले में 300 से अधिक केंद्र बनाए गए हैं। रायगढ़ शहरी क्षेत्र में शहरी



स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा, इंदिरानगर और गांधीनगर कांशीराम चौक में बूस्टर डोज लगेगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार ने बताया बुधवार को 18 से 59 साल आयुवर्ग के लोगों को मुफ्त में कोविड टीके का प्रिकाशन डोज लगाने की घोषणा केंद्र सरकार की ओर से की गयी है और गुरुवार को इस संदर्भ में हमें स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से विस्तृत जानकारी मिली है। टीके के संदर्भ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिशा-निर्देश मिले हैं। आगामी 75 दिनों तक स्वास्थ्य विभाग 18-59 आयुवर्ग के लोगों को प्रीकाशन डोज मुफ्त में लगाएगा। कोविड टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 18.59 आयुवर्ग में 10.42 लाख लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा था लेकिन 10.84 लाख लोगों ने पहला डोज लगवाया। दिसंबर 2021 में ही शत प्रतिशत डोनों डोज के लक्ष्य को रायगढ़ जिले ने पूरा कर लिया था। अब प्रीकॉशन डोज मुफ्त हो जाने से लोगों में टीकाकरण के लिए रूझान बढेगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानू पटेल ने बतायारू जिले में 10.50 लाख लोगों को अभी भी प्रिकाशन डोज लगना बाकी है। इनमें 4,314 हेल्थ केयर वर्कर्स, 8,274 फ्रंट लाइन वर्कर्स, 18-59 आयुवर्ग के 9 लाख एवं 60 साल से अधिक 1.37 लाख लोग शामिल है। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में शुक्रवार से प्रीकाशन डोज लगेगा। जिन लोगों ने अभी तक प्रीकाशन डोज नहीं लगवाया है वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर निशुल्क कोविड टीके का प्रीकाशन डोज लगवा सकते हैं।

### नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रो में लगवाएं प्रिकाशन डोज– सीएमएचओ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस एन केसरी ने बतायारू भारत सरकार स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली तथा संचानालय स्वास्थ्य सेवाएं



छत्तीसगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से दी गई जानकारी के अनुसार भारत के स्वतंत्रता के 75 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 15 जुलाई से 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाकर 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों का जिनका कोविड 19 टीके का दूसरे डोज लगे हुए छह माह की अवधि हो चुकी है ऐसे समस्त व्यक्ति को प्रीकॉशन डोज निरूशुल्क लगेगा। जिले में 15 जुलाई से ही यह टीकाकरण शुरू हो रहा है जिसके लिये टीकाकरण केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। लोगों से अपील है कि वे अपने नजदीक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रोंए चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों में पहुंचकर अपना कोविड 19 का प्रीकॉशन डोज बूस्टर डोज का टीकाकरण करवा कर स्वयं, अपने परिवार को एवं समाज को कोविड 19 संक्रमण से प्रतिरक्षित करें।

# पौने ग्यारह हो गए, आप अभी तक स्कूल क्यों नहीं पहुँचे?

## कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले 7 शिक्षक

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीर।

कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा आज जब हायर सेकंडरी स्कूल में आकस्मिक निरीक्षण करने पहुँचे तो स्कूल के 16 में से 7 शिक्षक अनुपस्थित मिले। कलेक्टर के स्कूल में प्रवेश के दौरान एक शिक्षक स्कूल आते दिखे तो कलेक्टर ने उन्हें कक्ष में बुलाकर पूछा कि स्कूल आने का समय कितना बजे निर्धारित है ? पौने ग्यारह बज गए हैं, विद्यार्थी आ गए हैं, लेकिन आप अभी आ रहे हैं। यह सब बिल्कुल नहीं चलेगा। कलेक्टर ने सभी अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन काटने और विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा जिले की



**सबके वेतन काटने और कार्यवाही के दिए निर्देश**

शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और समय पर स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने लगातार अपना ध्यान फोकस किए हुए हैं। लगभग पौने ग्यारह बजे वे जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतौद पहुँचे। यहाँ प्राचार्य से उन्होंने उपस्थिति पंजी मंगवाई और नाम के अनुसार शिक्षकों के उपस्थिति का मिलान किया। इस दौरान यहाँ 7 व्याख्याता अनुपस्थित मिले। कलेक्टर श्री सिन्हा ने अनुपस्थित व्याख्याता एलबी आर के चौबे, के के कहरा, श्रीमती पी झलरिया, श्रीमती पी धिरहे, श्रीमती आर स्वर्णकार, डॉ के के सूर्यवंशी व्याख्याता और सहायक शिक्षक डी राजेश के नाम के आगे अपसेन्ट लिख कर सभी के वेतन काटने सहित अन्य कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मौके पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और प्राचार्य को भी निर्देशित किया कि स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति समय पर सुनिश्चित कराएं। विद्यार्थियों को समय पर पढ़ाई कराएं। इस तरह की अव्यवस्था नहीं चलनी चाहिए और यदि शिक्षक उनकी बात नहीं मान रहे तो उच्च स्तर के अधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने सभी शिक्षकों को समय पर उपस्थिति के साथ मुख्यालय में रहने के भी निर्देश दिए।

# तीन लाख की ईनामी महिला नक्सली सेक्शन कमाण्डर ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर** । जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत 03 लाख रूपये की ईनामी नक्सलियों के माड़ डिवीजन अन्तर्गत कुतुल एरिया कमेटी के मिलेट्री प्लाटून नम्बर 50 की ''ए'' सेक्शन टीम की कमाण्डर सरिता सोढ़ी पिता लालू सोढ़ी उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी मंदीरपारा सोमलूर थाना गीदम ने उप पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ कोमल सिंह, पुलिस अधीक्षक बीजापुर आंजनेय वार्ष्णेय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2005 में बेलनार पंचायत अंतर्गत पोनड़वाया के बाल संघम के रूप में संगठन में भर्ती किया गया। वर्ष 2005 से 2008 तक बाल संघम का कार्य करने के बाद वर्ष 2009 में प्लाटून नम्बर 16 के पार्टी सदस्य का कार्य सौंपा गया। जहां अन्य पार्टी सदस्यों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जटवाया भेजा गया। प्रशिक्षण उपरांत माड़ डिवीजन टेलर टीम डीव्हीसीएम जानकी के गनमेन का कार्य दिया गया। वर्ष 2011 से 2015 तक गनमेन का कार्य की। वर्ष 2016 में माड डिवीजन के प्लाटून नम्बर 50 में किचन प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई, जहां 2018 तक कार्य की। वर्ष 2019 में प्लाटून नम्बर 50 की सदस्य का कार्य दिया गया। वर्ष 2020 जुलाई में माड़ डिवीजन कुतुल एरिया कमेटी अन्तर्गत प्लाटून नम्बर 50 के ''ए'' सेक्शन का कमाण्डर बनाया गया। नवम्बर 2021 में माड़ डिवीजन से गढ़चिरोली महाराष्ट्र के सीसी दीपक तेलतुमड़े के गनमेन की डयूटी दी गई।

# जब कलेक्टर ने अपने जेब से निकाल कर छात्रा को दे दिया यह उपहार

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीर।

कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा जिले में विकास कार्यों सहित शासन की योजनाओं की जानकारी लेने और फील्ड में वस्तुस्थिति देखने लगातार दौरा कर रहे हैं। आज सुबह -सुबह वे अचानक से एक स्कूल पहुँच गए। स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति की जांच न सिर्फ रजिस्टर में नाम मिलान कर की। वे मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार दिया जा रहा है या नहीं यह भी जांच करने लग गए। स्कूली विद्यार्थियों से उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति और अध्यापन के बारे में पूछा ही, इसके साथ ही कलेक्टर ने बच्चों को बुलाकर सवाल भी पूछ लिया। इस दौरान कक्षा सातवीं की एक छात्रा से जब 7 का पहाड़ा पढ़ने को बोले तो छात्रा ने बिना रुके पहाड़ा पढ़ दिया। छात्रा के इस जवाब से खुश कलेक्टर सिन्हा ने उन्हें शाबाशी देने में देरी नहीं की। उन्होंने छात्रा को गुड कहते हुए अपने जेब में रखा पेन निकाला और उपहार के रूप में उन्हें भेंट कर दिया। कलेक्टर सिन्हा



बम्हनीडीह ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पुछेली के शासकीय हाई स्कूल में आकस्मिक निरीक्षण करने पहुँचे। यहाँ पहुँचते ही उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति की जाँच की। रजिस्टर में नाम के अनुसार उपस्थिति का मिलान किया। कलेक्टर ने मौके पर विद्यार्थियों को परोसे जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और मीनू के अनुसार भोजन वितरण की जांच की। उन्होंने विद्यार्थियों से भी भोजन और शिक्षा के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने कक्षा सातवीं की छात्रा सुशीला कंवर से कई सवाल पूछे। उसे 7 का पहाड़ा भी पढ़ने कहा गया। सुशीला ने बिना रुके पहाड़ा पढ़ दिया। कलेक्टर इससे बहुत खुश हुए और अपने शर्ट के जेब से पेन निकाल कर छात्रा को दे दिए। यहाँ उन्होंने शिक्षकों को समय पर आने के निर्देश दिए साथ ही विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आकर पढ़ाई करने कहा।

## एक नजर

### फरसाबहार के शासकीय हाई स्कूल भवन सिंगीबहार के निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण कराने हेतु पुनः निविदा किया गया आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुर।

मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड फरसाबहार के ग्राम सिंगीबहार में निर्माणाधीन शासकीय हाईस्कूल भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने हेतु पुनः निविदा आमंत्रित किया गया है। निविदा की कार्यवाही तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। जिससे स्कूल भवन के अधूरे निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जा सके। उल्लेखनीय है कि निर्माणरत शासकीय हाई स्कूल भवन सिंगीबहार ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण करने में असमर्थता जताई गई है। जिनका विभाग द्वारा अनुबंध को निरस्त करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार कुनकुरीए तपकरा मार्ग में सिंगीबहार स्टेट हाईवे में एक पुल निर्माण के लिए किसान के खेत में डायवर्सन बनाया गया था। इस संबंध में ठेकेदार ने बताया की किसान के खेत से मिट्टी हटा दिया गया है।

### जशपुर-बगीचा स्टेट हाइवे मार्ग में सबग्रेड के ऊपर जीएसबी कार्य कराकर मार्ग को कर दिया गया है ठीक

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुर।

मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग पत्थलगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर.बगीचा स्टेट हाइवे पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। मार्ग पर सबग्रेड का कार्य कराया गया था। जिसमें किलोमीटर 37/10 के लगभग 150 मीटर पर अत्यधिक बारिश होने के कारण यातायात प्रभावित हुआ। उक्त मार्ग में सबग्रेड के ऊपर जीएसबी का कार्य कराकर मार्ग को ठीक कर दिया गया है। मार्ग पर यातायात प्रभावित नहीं है एवं कार्य प्रगति पर है।

### तहसील परिसर में वृक्षारोपण किया गया

**दुर्ग** । विगत दिवस तहसील परिसर दुर्ग में स्टाम्प विक्रेता व दस्तावेज लेखक कक्ष क्रमांक 1 के द्वारा वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी मुकेश रावटे, तहसीलदार प्रकाश सोनी अतिरिक्त तहसीलदार प्रेरणा सिंह, नायब तहसीलदार सत्येन्द्र शुक्ला व तहसील के अधिकारी व कर्मचारी सहित अधिवक्तागण शामिल हुए व पर्यावरण को सुरक्षित रखने वृक्षारोपण कर उसे सहेजने का संकल्प लिया।

### महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रानी चौहान ने सौंपी बूथ कमेटियों की लिस्ट

प्रदेशाध्यक्ष फलोदेवी नेताम ने की जमकर तारीफ

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने आगामी 2023 विधानसभा चुनाव की तैयारियों का आगाज सदस्यता अभियान और बूथ कमेटियों के गठन के साथ पिछले साल के आखिरी महीनों से ही कर दिया था। जिसके माध्यम से `कांग्रेस पार्टी को और जमीनी स्तर पर लेकर जाए और अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़कर कांग्रेस को मजबूत करने में सहयोग करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया था जो पूर्ण कर लिया गया है। जिसके तहत बूथ कमेटियों का भी गठन किया गया है। सभी लोगों इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिसको लेकर आज राजधानी रायपुर में महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने प्रदेश की सभी महिला नेत्रियों को उनके द्वारा बनाए बूथ कमेटियों की लिस्ट उनके पास जमा करने के लिए कही थी। जिसके तहत आज रायगढ़ शहर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रानी चौहान ने रायपुर पहुंच कर प्रदेशाध्यक्ष फू लोदेवी नेताम को अपनी बूथ कमेटियों की लिस्ट सौंपी। जिसे देखकर प्रदेशाध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने जमकर तारीफ की और काफी सराहना की। ऐसे ही मेहनत करने के प्रेरित किया। और हौसला अफजाई भी की।

# अकेली महिला से 4 लोगों ने किया बेरहमी से मारपीट

पीड़िता के गाल में आई गंभीर चोंट,महिला ने की थाने में लिखित शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।



सारंगढ़ तहसील के तिलाईमुड़ा गांव की महिला जयंती ने सारंगढ़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है की 11 जुलाई घर बुधवारा चौहान, अनिता चौहान,आकाश चौहान और राधिका चौहान ने रंजिशवश अकेली जयंती को गाली गलौच किये, गलौज देने से प्रार्थिया द्वारा मना करने पर चारों ने अचानक हमला करके अकेली औरत को बेरहमी से मारा पीटा। उक्त मारपीट मे महिला जयंती के चेहरे में गंभीर चोट पहुंची है। जिसकी शिकायत उन्होंने लिखित तौर पे सारंगढ़ थाने में दर्ज कराई है। देखना दिलचस्प होगा की महिला की शिकायत पर उचित जांच कर कानून को हाथ मे लेने वालों पर कब कार्रवाई होगी।



# मुख्यालय में रहना, समय पर दफ्तर आना शुरू कर दें नहीं तो बैठक लेकर अधिकारियों को दी समझाइश सुधर जाएं

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीरचाम्पा।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज जैजैपुर विकासखण्ड क्षेत्र का दौरा कर विकास कार्यों का अवलोकन किया। जनपद कार्यालय जैजैपुर में उन्होंने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और समझाइश दी कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन तथा आम जनता के समस्याओं का निराकरण पहली प्राथमिकता है। यह तभी संभव है जब आप सभी अधिकारी अपने मुख्यालय में रहना और कार्यालयीन समय पर दफ्तर आना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही पारदर्शी और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। आपकी लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मैं निगरानी कर रहा हूं। आप सुधर जाइए। नहीं तो कार्यवाही में देर नहीं लगेगी। कलेक्टर सिन्हा ने जैजैपुर जनपद में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी कृषि मजदूर भूमिहीन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब के गठन की जानकारी ली। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी



और बीएमओ को निर्देशित किया कि कुपोषण के शिकार बच्चों को स्वस्थ बनाने विशेष अभियान चलाए। गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच कर उनके स्वास्थ्य की जांच करें। कलेक्टर ने स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों को स्कूल, छात्रावासों, आश्रम, आंगनबाड़ी सहित स्वास्थ्य केंद्रों में क्वालिटी और कीमत देखकर क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड जारी करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौठानों मे संचालित गतिविधियों की जानकारी ली और यहां मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन जैसी गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत नल कनेक्शन, अमृत सरोवर योजना, धन्वंतरि मेडिकल दुकान, हाट बाजार संचालन, जाति प्रमाण पत्र बनाने, रोका-छोका अभियान की जानकारी भी ली। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को जर्जर सड़क को मरम्मत कराने और आरईएस विभाग को निर्माण कार्य समय पर करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष ध्यान दे और शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, किसानों से जुड़ी योजनाओं में लापरवाही न करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि आप सभी मुख्यालय में रहे और समय पर कार्यालय पहुंचे। सरकारी कामकाज में मनमानी नहीं चलनी चाहिए। आम नागरिकों का कार्य समय पर होना चाहिए।

### स्कूलों का निरीक्षण करें, शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं

कलेक्टर ने बैठक में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जैजैपुर को निर्देशित किया कि स्कूलों का निरीक्षण करें और शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए। उन्होंने क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों के समय पर नहीं पहुंचने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया कि ऐसे शिक्षकों को हिदायत दे और वेतन काटने के साथ अन्य अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। सभी शिक्षक मुख्यालय में रहे, बाहर से आना.जाना न करें, यह भी ध्यान देने की जरूरत है।

### राजस्व के प्रकरण अनावश्यक लंबित न रखे

कलेक्टर सिन्हा ने जैजैपुर क्षेत्र में अस्पताल, तहसील, जनपद और स्वामी आत्मानंद स्कूल सहित शासकीय स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, लैब, वार्ड का निरीक्षण करते हुए बीएमओं को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी प्रकार की समस्या न हो तथा उनका इलाज के साथ आवश्यक



मार्गदर्शन भी हो। शासन की योजना का लाभ उन्हें मिले। कलेक्टर ने अस्पताल विस्तार हेतु चिन्हांकित स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसीलदार और नायब तहसीलदार के न्यायालय में लंबित प्रकरणों की जांच की। उन्होंने कई प्रकरणों में पटवारी प्रतिवेदन नहीं आने पर नाराजगी जताई और निर्देशित किया कि प्रतिवेदन मंगाकर निर्णय करें। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के साथ पटवारियों की उपस्थिति मुख्यालय में करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल और धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल दुकान का भी निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

### गौठान में आमदनी बढ़ाने गतिविधियां संचालित करें

कलेक्टर सिन्हा और जिला पंचायत सीईओं फरिहा आलम सिद्धकी ने ग्राम तलवा में गौठान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्व.सहायता समूह की महिलाओं से और सरपंच से चर्चा की। कलेक्टर ने सदस्यों के गतिविधियों की जानकारी लेते हुए उन्हें आमदनी बढ़ाने के दिशा में आयमूलक गतिविधियों को अपनाने की अपील की। कलेक्टर ने यहां मवेशी तथा अन्य गतिविधियों की संरचना का अलग रखने, फलदार पौधे लगाने, फैसिंग कराने, हल्दी के पौधे लगाने, सिलाई की गतिविधि संचालित करने सहित अन्य निर्देश दिए।

# डाहीडाँड़ में हाथी ने मचाया उत्पात

## कोरवा समुदाय के तीन ग्रामीणों की झोपड़ी तोड़ी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़। कापू रेंज के पुसाउडेरा इलाके के डाहीडाँड़ गाँव में एक बार फिर हाथी ने कोरवा समुदाय के तीन ग्रामीणों की झोपड़ी को नुकसान पहुंचाया है।



बता दें कि पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में अकेले विचरण कर रहे इस नर हाथी के द्वारा लगातार फसल मकान व अन्य सामानों को क्षति पहुंचाने की खबरें आ रही है। बीते दिनों इसी इलाके में हाथी के हमले से एक बैल की मौत हो गई थी। वहीं क्षेत्र के एक किसान के मकान को भी नुकसान पहुंचाया था। इस संबंध में संबंधित बीट गॉर्ड ने बताया कि बीती रात हाथी के द्वारा क्षेत्र के तीन ग्रामीणों के झोपड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया है। साथ ही वहाँ रखे चावल व अन्य सामानों को भी तहस नहस कर दिया है। बीट गॉर्ड ने बताया कि इस मामले में कोरवा समुदाय के तीन प्रभावित ग्रामीणों में राजेंद्र, लक्ष्मी प्रसाद व सोहनराम शामिल हैं। वन रक्षक ने बताया कि मौक़ा मुआयना कर क्षति का आंकलन किया जा रहा है, साथ ही सुरक्षा को लेकर गाँव में मुनादी कराई जा रही है। वर्तमान समय में धरमजयगढ़ फारेस्ट डिवीजन क्षेत्र अंतर्गत कुल 64 हाथी विचरण कर रहे हैं।

## एक नजर

### चावल जमा करने में रूचि नहीं लेने वाले राईस मिलों पर की गई कार्रवाई

**धमतरी** । जिले के कुछ राईस मिलों द्वारा भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने में रूचि नहीं लेने की वजह से खाद्य विभाग द्वारा कार्रवाई की गई। खाद्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर पी.एस.एल्मा के निर्देशानुसार 12 एवं 13 जुलाई को परमेश्वरी राईस इण्डस्ट्रीज आमदी से 22.40 मीट्रिक टन धान और किशन कन्हैया राईस इण्डस्ट्रीज सेहराडबरी से 26.80 मीट्रिक टन धान जप्त किया गया। साथ ही फर्मों द्वारा मासिक जानकारी एवं त्रैमासिक विवरणियां प्रस्तुत नहीं करने और स्टॉक का सही संधारण नहीं करने पर कार्रवाई की गई। छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश-2016 की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के कारण परमेश्वरी राईस इण्डस्ट्रीज आमदी के प्रोपराइटर विजीत लाट और किशन कन्हैया राईस इण्डस्ट्रीज सेहराडबरी के पार्टनर नंदकिशोर राठी से धान जप्त कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। गौरतलब है कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में जिले में उपार्जित चार लाख 31 हजार 397 मीट्रिक टन धान के निराकरण के लिए जिले के 206 राईस मिलों को पंजीकृत किया गया है। इनके द्वारा 12 जुलाई तक स्वयं के जिले और अन्य जिलों गरियाबंद, बालोद, कांकेर, महासमुंद, राजनांदगांव, बेमेतरा, रायपुर, बस्तर तथा कोण्डागांव जिले से आठ लाख 36 हजार 577 मीट्रिक टन धान का उठाव किया गया। कस्टम मिलिंग के बाद कुल चार लाख 64 हजार 351 मीट्रिक टन चावल जमा किया गया है। इनमें तीन लाख 22 हजार 456 मीट्रिक टन भारतीय खाद्य निगम और एक लाख 41 हजार 895 मीट्रिक टन चावल नागरिक आपूर्ति निगम में जमा किया गया है।

# सलखिया गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट के मामले में दो युवक पर मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



सलखिया में मारपीट करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ लैलूंगा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। लैलूंगा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलखिया में मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कान्हुराम कोल्ता ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराया था कि महुआ-डोरी बिन कर अपने खेत तरफ से आ रहा था उस वक्त रास्ते में अर्जुन भोय, परिखित भोय, सहित जोगी राम भोय द्वारा जमीन संबंधी विवाद को लेकर उससे मारपीट किया गया था। मामले में पीड़ित की शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ लैलूंगा पुलिस थाने अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आपको बता दें कि घटना दरअसल ग्राम सलखिया गांव की है जिसमें रिपोर्टकर्ता ने पुलिस को बताया है की वह 17 जुलाई को सुबह महुआ-डोरी बिनकर खेत की तरफ से आ रहा था। इसी बीच रास्ते में अर्जुन भोय, परखित भोय बेजा कब्जा की जमीन को तुम लोग खोदते हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे वहीं इसके बाद घटना की रिपोर्ट लैलूंगा थाने में दर्ज कराई गई थी। जिसमें लैलूंगा पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी युवकों पर अपराध दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

# शिक्षकों का नवा जतन प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



संकुल केंद्र कुड़ेकेला, हाटी, पुरूंगा, सिथरा के शिक्षकों का नवा जतन कार्यशाला का प्रथम चरण सम्पन्न हुआ। 11 जुलाई 2022 से 14 जुलाई 2022 तक कोरोना कॉल में बच्चों के पिछड़ेपन एवं दक्षता वर्धन हेतु शिक्षकों के लिए नवाजतन कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें संकुल के सभी प्राथमिक व माध्यमिक शाला के आधे आधे शिक्षक सम्मिलित हुए। जिन को प्रथम दो दिवस भाषा के मूल दक्षता को चित्र कविता एवं कहानी के माध्यम से बच्चों का दक्षता, कक्षा स्तर एवं बुनियादी शिक्षा को प्राप्त करने हेतु योजना भाषा शिक्षण के लिए तैयार कराया गया। वहीं अंतिम दो दिवस में गणित के विषय पर मूलभूत जानकारी को चित्र कहानी एवं कविता के माध्यम से प्रशिक्षण को सारगर्भित ढंग से दिया गया। जिसका उपयोग कर अपनी कक्षा को बेहतर बनाएंगे। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स प्रवीण सिंहए सकुल समन्वयक रवि कुमार पटेल, गंगाधर सिदार और दूजे राम राठिया ने सभी बच्चो के उचित शिक्षा के लिए सभी शिक्षको को गतिविधि आधारित कार्यशाला संपन्न कराया।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


# फेसबुक फ्रेंड युवती को इमोशनल ब्लैकमेल कर मिलने बुलाया और किया दुष्कर्म

## लैलूंगा थाने में पीड़िता दर्ज करायी रिपोर्ट, आरोपी युवक व उसका साथी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।




लैलूंगा पुलिस द्वारा जशपुर जिले की युवती से दुष्कर्म के आरोपी अजय चौहान तथा अपराध में उसके सहयोगी रहे कन्हैया सिदार उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर घरघोड़ा न्यायालय भेजा गया है । घटना के संबंध में पीड़िता द्वारा 12 जुलाई 2022 को थाना लैलूंगा में दुष्कर्म की लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पीड़िता महिला पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक संतरा चौहान के समक्ष एफआईआर दर्ज कराते समय बताई कि उसका लैलूंगा थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम टुरटुरा के अजय चौहान से पिछले माह फेसबुक पर परिचय हुआ। अजय चौहान उसकी जाति का हूं। शादी करूंगा कहकर भरोसा दिलाया था। इसी बीच 08 जून 2022 को अजय शादी करूंगा नहीं तो मर जाउंगा कहकर भावनात्मक रूप से बहला फुसलाकर अपने रिस्तेदार के घर ग्राम गोढी, लैलूंगा ले जाकर इच्छा के विरूद्ध बलात संभाग किया। उसके बाद अजय चौहान रोज मोबाईल पर बातचीत कर शादी करूंगा कहता था। जब पता चला कि वह सजातीय नहीं है तो उसे शादी नहीं हो सकती है। कहकर मिलने से मना की। तब वह फिर से आत्महत्या कर मरने की बात कहकर इमोशन ब्लैकमेल किया और 10 जुलाई 2022 को अजय चौहान अपने एक साथी छोटू उर्फ कन्हैया सिदार, के साथ मोटर साइकिल में घर के पास आया और घर से बाहर बुलाकर जबरन मोटर साइकिल में बिठाकर गोढी ले आया और रात में डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। उसी रात घरवाले आकर दोनों को फरसाबहार थाना ले गए थे। पीड़िता के आवेदन पर आरोपी अजय चौहान तथा उसके सहयोगी पर धारा 376, 506, 34 आईपीसी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। 14 जुलाई 2022 को मुख्य आरोपी अजय चौहान पिता एतवार चौहान उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम टुरटुरा थाना लैलूंगा एवं सहआरोपी कन्हैया सिदार उर्फ छोटू पिता श्यामलाल सिदार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम छापरपारा धौंराडांड थाना लैलूंगा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी अजय चौहान युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाना तथा आरोपी कन्हैया सिदार दोनों को अपने मोटर सायकल पर साथ ग्राम गोढी ले जाना बताया। दोनों आरोपियों को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर घरघोड़ा न्यायालय भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, आरक्षक जॉन टोप्पो की अहम भूमिका रही है।

# जमरगी डी में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

## नरवा विकास व आवर्ती चराई पर हुई परिचर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ वन मंडल के बोरो रेंज अंतर्गत जमरगी डी में आज वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा नरवा विकास व आवर्ती चराई पर स्कूली बच्चों व ग्रामीणों के साथ परिचर्चा की गई।



गुरुवार को ग्राम जमरगी डी के शासकीय हाई स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान डीएफओ अभिषेक जोगावत ने वन संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए सभी को पौध रोपण व उनके संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए। परिचर्चा के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरवा घुरुआ अउ बाड़ी विकास के क्रियान्वयन से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी,कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व जानकार स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी पेड़-पौधों के संरक्षण को लेकर सभी से सहयोग की अपील की। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में पौध-रोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के आला अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित स्कूल की छात्र छात्राएं व स्कूल के स्टॉफ उपस्थित रहे।

# पौने ग्यारह हो गया आप अभी तक स्कूल क्यों नहीं पहुंचे

## कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले 7 शिक्षक

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीरचाम्पा।



### सबके वेतन काटने और कार्यवाही के दिए निर्देश

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा जब हायर सेकंडरी स्कूल में आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे तो स्कूल के 16 में से 7 शिक्षक अनुपस्थित मिले। कलेक्टर के स्कूल में प्रवेश के दौरान एक शिक्षक स्कूल आते दिखे तो कलेक्टर ने उन्हें कक्ष में बुलाकर पूछा कि स्कूल आने का समय कितना बजे निर्धारित है। पौने ग्यारह बज गए हैं। विद्यार्थी आ गए हैं, लेकिन आप अभी आ रहे हैं। यह सब बिल्कुल नहीं चलेगा। कलेक्टर ने सभी अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन काटने और विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सिन्हा जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और समय पर स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने लगातार अपना ध्यान फोकस किए हुए हैं। आज लगभग पौने ग्यारह बजे वे जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतौद पहुंचे। यहां प्राचार्य से उन्होंने उपस्थिति पंजी मंगवाई और नाम के अनुसार शिक्षकों के उपस्थिति का मिलान किया।

# 2 सौ शिक्षकों का सम्मान करेगा विप्र फाउंडेशन

## गुरू पूर्णिमा के अवसर पर संस्कार स्कूल कैम्पस में होगा कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विप्र समाज की अग्रणी संस्था विप्र फाउंडेशन द्वारा 16 जुलाई शनिवार को संस्कार पब्लिक स्कूल कैम्पस में जिले से चयनित किए हुए सरकारी एवं प्राईवेट 2 सौ से अधिक शिक्षकों का गुरू पूर्णिमा के अवसर पर सम्मान करने जा रहा है।



### पूरे जिले से चयनित किए गए शिक्षक

विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष विजय शर्मा मार्बल एवं महामंत्री सुनील मस्ता, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू जोशी, संगठन महामंत्री मीना शर्मा ने बताया कि विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा के निर्देश पर पूरे राज्य में विप्र फाउंडेशन के जिला शाखाओं द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला रायगढ़ में विप्र फाउंडेशन के द्वारा वृहद स्तर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना तय किया गया है। शिक्षक अलंकरण समारोह में विशिष्ट चयन समिति द्वारा शिक्षकों का चयन किया गया है। जिसमें जिले के राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य एवं प्रधान पाठक, विभिन्न विषयों के व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक शामिल है। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए विप्र फाउंडेशन की पूरी टीम एवं सह आयोजक संस्कार पब्लिक स्कूल की पूरी टीम जोर.शोर से लगी हुई है।

### मोमेंटोए शॉल, प्रशस्ति पत्र से होगा सम्मान

विप्र फाउंडेशन के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी ने एक स्वर में इस कार्यक्रम की सफलता की कामना करते हुए बताया कि गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरूओं को याद करना भारतीय संस्कृति की परंपरा है अतः इसका पालन करते हुए प्रसिद्ध शिक्षकों को मोंमेटोए शॉल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम शनिवार 16 जुलाई को दोपहर 1 बजे से संस्कार पब्लिक स्कूल कैम्पस में आयोजित होगा। इसमें विप्र फाउंडेशन की महिला प्रकोष्ठ की सदस्या भी शामिल रहेंगी।

### मीटिंग में मातृ शक्ति का हुआ सम्मान

*प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में उक्त कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए विप्र फाउंडेशन की बैठक स्टेशन रोड स्थित पंचायती धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें विप्र फाउंडेशन के अधिकांश पदाधिकारी शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में नवगठित महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों का सम्मान वरिष्ठ जनों के द्वारा किया गया। जिसमें 16 जुलाई के कार्यक्रम की सभी महिला सदस्यों ने सराहना की और इसे सफल बनाने के लिए एकजुट होकर मेहनत करने की बात कही गई।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in